तापमान

अधिकतम 41.8 डिग्री

न्यूनतम 29.3 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 15 मई 2025




नेहरू चौक से इंदिरा सेतु तक सड़क के बीच बेरीकेड लगाए गए है। इससे ट्रैफिक जाम की समस्या दूर हो गई है।

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]

## खबर संक्षेप

### अघोर पीठ में स्थापना दिवस समारोह आज

**बिलासपुर।** अघोर पीठ सेंदरी कोनी आश्रम में अघोरेश्वर महाविभूति स्थल चरणपादुका एवं शिवलिंग स्थापना का द्वितीय वार्षिकोत्सव पर्व गुरुवार को श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को सुबह 5.30 बजे सफाई एवं श्रमदान। 7 बजे से मंदिर में पूजन, अघोराचार्य महाराज श्री के श्री विग्रह की आरती तत्पश्चात अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर पूजन व आरती एवं अष्टयाम संकीर्तिन का शुभारंभ किया जाएगा। 16 मई शुक्रवार को सुबह 7 बजे अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर पूजन व आरती के साथ अष्टयाम संकीर्तन का समापन, सफलयोनि सद्ग्रंथ का पाठ एवं लघुगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

### दर्जनों संदिग्ध बैंक खाता धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बिलासपुर।** आनलाइन सट्टा व ठगी में उपयोग में होने वाले दर्जनों संदिग्ध बैंक खाता धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। दूसरे राज्यों में बैठकर आईपीएल व आनलाइन सट्टा एवं आनलाइन ठगी के मामले में उपयोग करने वाले संदिग्ध बैंक खाता धारकों की विभिन्न बैंकों से पुलिस द्वारा जानकारी एकत्रित की गई है। करीब एक दर्जन से अधिक बैंक खाता का चयन करने के बाद साइबर थाना में बैंक खाता धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब बैंक खाता धारकों की पतासाजी कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में लग गई है।

# वार्डों में गहराया पानी का संकट, इससे निपटने 8 करोड़ की योजना बनी लेकिन सब फाइलों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**बिजली गोल ने लोगों को किया हलाकान**

- देवरीखुर्द, चिल्हाटी के साथ ही निगम में शामिल नए क्षेत्र, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी एवं सकरी में लोग परेशान
- गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र में लगे बोर सूखने से लोगों को अक्सर पानी की समस्या बनी रहती है

निगम क्षेत्र के कई वार्डों में पानी का संकट गहराने लगा है। खास तौर पर देवरीखुर्द, चिल्हाटी के साथ ही निगम में शामिल नए क्षेत्र, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी एवं सकरी में लोग परेशान हो रहे हैं। हालांकि निगम ने इसे निपटने के लिए 8 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है, लेकिन काम शुरू नहीं हो सका है और लोग परेशान हो रहे हैं।

देवरीखुर्द क्षेत्र में सालों से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। लाख कोशिशों के बाद भी इसका निराकरण नहीं किया जा सका है। गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र में लगे बोर भी सूख जाते हैं, जिससे वहां रहने वाले लोगों को पानी की परेशानी अक्सर बनी रहती है। दूसरी ओर प्रशासन ने पूरे शहर में अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन को बिछवा दिया है। इसके बावजूद देवरीखुर्द में अमृत मिशन योजना अब तक नहीं पहुंच पाई है जबकि देखा जाए तो सबसे अधिक जरूरत देवरीखुर्द के लोगों को ही है। चिल्हाटी में पानी की समस्या एक गंभीर मुद्दा है, जो कई इलाकों में पीने योग्य पानी की कमी और खराब गुणवत्ता के कारण है, जिससे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी हो रही हैं।

### 200 परिवार बिजली से प्रभावित

सरकंडा क्षेत्र की स्वर्णिमा ऐरा कॉलोनी में पिछले एक हफ्ते से लगातार बिजली कटौती ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। कॉलोनी में रहने वाले लगभग 200 से अधिक परिवार दिन-रात बिजली कटने की समस्या से जूझ रहे हैं।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से हर रात बिजली गायब रहती है, जिससे लोगों का काम-काज प्रभावित हो रहा है। रातभर बिना बिजली के घरों में गर्मी से हाल बेहाल हो जाता है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी खराबी और मेंटेनेंस कार्यों के चलते बिजली आपूर्ति में बाधा आ रही है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।




देवरीखुर्द में टैंकर से पानी लेने के लिए लगी लोगों की भीड़।

### 15 वें वित्त आयोग से मिली राशि

अब निगम ने 15 वें वित्त आयोग की राशि से चिल्हाटी और देवरीखुर्द इलाके के निवासियों के लिए 4.73 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को मंजूरी दी है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने के लिए पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा। निगम के मुताबिक 15वें वित्त आयोग के टाइड ग्रांट के अंतर्गत इस योजना के लिए स्वीकृति मिली है। ज्ञात हो कि देवरीखुर्द इलाके में, खासकर वार्ड नंबर 42 में पानी की समस्या काफी गंभीर है, जहां हैंडपंप खराब हो गए हैं और लोग पेयजल के लिए परेशान हैं। विशेष रूप से शहीद चंद्रशेखर आजाद नगर और बरखदान इलाके में पानी की समस्या विकराल रूप ले रही है। इसके साथ ही वार्ड नंबर 43 बंशीलाल धृतलहरे नगर खैरमाता और वार्ड नंबर 47 में भी बोर सूखने की समस्या है, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

ध्यान रहे कि देवरीखुर्द की आबादी 50 हजार से अधिक है, लेकिन पानी सप्लाई को लेकर किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने सुध नहीं ली है। जल स्तर नीचे चले जाने से सभी 20 वार्डों में पेयजल की समस्या शुरू हो गई है। इससे लोग परेशान हैं।

### घुरू, खमतराई, बहतराई के लिए तीन करोड़

निगम में शामिल नए क्षेत्र घुरू, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडिह, कोनी एवं सकरी में भी पेयजल की समस्या है। इससे निपटने के लिए करीब तीन करोड़ का टेंडर किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक 15 वें वित्त आयोग टाइड ग्रांट जल प्रबंधन अंतर्गत कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस मद के तहत सभी कार्य किए जाएंगे।

### समस्या दूर करने का हो रहा प्रयास

शहर में पानी के संकट से निपटने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। खास तौर पर देवरीखुर्द, चिल्हाटी के साथ ही निगम में शामिल नए क्षेत्र, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिंगियाडीह, कोनी एवं सकरी में इसकी समस्या ना हो इसके लिए अधिकारियों को खास तौर पर निर्देशित किया गया है। निगम ने इसे निपटने के लिए 8 करोड़ रुपए की जल प्रबंधन योजना को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत इन क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुधारने के लिए पाइपलाइन और पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा।

\- **पूजा विधानी,** महापौर

**पानी, बिजली, साफ-सफाई की समस्या को लेकर विकास भवन के सामने किया मटका फोड़ प्रदर्शन, घेराव के बाद कलेक्टोरेट पहुंच सौंपा ज्ञापन**




# खाली मटकी, हैंडपंप व सीलिंग फेन लेकर निगम कार्यालय का घेराव

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण द्वारा बुधवार को पानी, बिजली और साफ-सफाई के मुद्दे को लेकर नगर निगम कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस नेता, पार्षद सहित कार्यकर्ता कांग्रेस भवन से एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए विकास भवन पहुंचे। कांग्रेस नेत्री अपने हाथों, सिर पर खाली मटकी एवं कार्यकर्ता हैंडपंप व सीलिंग फेन लेकर पहुंचे थे और ये खाली मटकी निगम कार्यालय के सामने फोड़ा गया। घेराव के बाद कांग्रेसजनों की भीड़ कलेक्टोरेट पहुंची, जहां प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ मुख्य डाकघर से नेहरू चौक होते हुए निगम कार्यालय विकास भवन की ओर बढ़ी। इस भीड़ में महिलाएं हाथ, सिर पर मटकी सहित कार्यकर्ता हैंडपंप, सीलिंग फेन एवं तकती, झंडा लिए हुए नारेबाजी करते हुए निगम कार्यालय पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में तैनात पुलिस बल द्वारा विकास भवन मेनगेट का दरवाजा बंद कर दिया गया। इस पर कांग्रेसजनों की भीड़ करीब घंटेभर तक घेराव, नारेबाजी प्रदर्शन करती रही। इस घेराव प्रदर्शन में नगर निगम क्षेत्र के 70 वार्डों से सहित परसदा, तिफरा, सकरी, सिरगिट्टी, देवरीखुर्द, दोमुहानी, मोपका, राजकिशोरनगर, चांटीडीह, लिंगियाडीह, चिंगरापारा एवं बिलासपुर शहर से भी बड़ी तादात में लोग शामिल होने पहुंचे थे। कांग्रेस के इस घेराव प्रदर्शन में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी, विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, श्रीमती रश्मि सिंह, पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व सभापति शेख नजरूद्दीन, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नायक आदि थे।

### जिले से बड़े मंत्री होने के बाद हालत खराब

इस अवसर पर जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि बिलासपुर नगर निगम का निर्माण पांच विधानसभा क्षेत्रों से मिलकर हुआ है, जिससे चार विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ विधायक निर्वाचित है। बिलासपुर जिले से केन्द्रीय राज्यमंत्री, डिप्टी सीएम सहित पूर्व बड़े मंत्री हैं, किन्तु नगर निगम की हालत और जनता की परेशानी और बढ़ती जा रही है।

### पानी, बिजली के लिए मचा हाहाकार

शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार सुशासन की ढोल पीट रही है और जनता अपनी मूलभूत मांगों को लेकर सड़क पर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। नगरीय निकाय मंत्री बिलासपुर से है जो डिप्टी सीएम भी है पर बिलासपुर नगर निगम की हालत बद से बदत्तर हो गई है और पानी, बिजली के लिए हाहाकार मचा है।





CBSE Affiliation No. - 3330223
ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL
Vyapar Vihar, Bilaspur
( A Unit of St. Xavier's Chain of Schools)
The Management, Principal & Staff Congratulate all the Students of Class - X & XII for Their Outstanding Performance in C.B.S.E. Board Exams
Achievers of Class X
ANSHIKA SINGH 96.6 %
TANUSHREE BHADRA 95.6 %
SHREYA BHARTI 93.6 %
SHIKHA THAKUR 93.4 %
PRATIKSHA RANI BEHERA 93.2 %
ABHIJEET SINGH DIWAKAR 93 %
MONOTOSH MALAKAR 92.6 %
ISHITA ROY 92.4 %
EKANSH DEWANGAN 91.8%
RACHIT ANANT 91 %
TANUSHREE KASHYAP 90 %
ASMI SHARMA 90 %
SANSKRITI PRAJAPATI 89.8 %
AVANTIKA RAO 89.4 %
SHIVANSH BHATT 88 %
AAKANKSHA JHA 87.8 %
PRATEEK KUMAR DUBEY 87.4 %
ALI AKBAR KAPASI 87 %
SHOURYA KUMAR KURREY 86.6 %
ADIBA BANO 86.2 %
ADARSH GUPTA 86.2 %
ADARSH SHARMA 85.6 %
KARISHMA JAIN 85.2 %
MAYANK KUMAR 85 %
MD. FAIZAL ALAM 85 %
Achievers of Class XII
SAKSHI TIWARI 94.4 %
MEDHA KHUBALKAR 94.2 %
PREET BAGGA 92.4 %
ABHAY VISHWAKARMA 92.2 %
PRAPTI BHONSLE 92.2 %
TANISHKA MANGESH FAYE 91.6 %
VANSHIKA RAI 91 %
URJA MIREE 90.8 %
ISHITA BHAKTANI 90.6%
SOUMYTA NAG 90.2 %
ISHIKA DEWANGAN 90.2 %
SOUMYA DHIRAJ 90 %
ANJALI GOSWAMI 89.8 %
AMAN KESHARWANI 89.4 %
RIYA SHARMA 89.2 %
ARYAN SINGH KSHATRI 89 %
ANSH YADAV 88.4 %
HARSH SAXENA 87.6 %
ANKIT PANDEY 87.2 %
SURUCHEE BAISHWADE 87 %
SAANVI RAJU 85.4 %
M SAI TRISHA 85.4 %
AALIMA SHAHEEN 85.2 %
Add - Infront of Income tax Commissioner's office, vyapar vihar, Bilaspur | www.stxaviersbilaspur.com
Ph - 07752-353557 , 9630004301
ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL
BHARNI
( A Unit of St. Xavier's Chain of Schools)
Achievers of Class XII
CBSE Affiliation No - 3330044
DIVYA KESHARWANI 93 %
JATIN KARSH 89.6 %
VAMIKA SINGH 89.2 %
KRISH KUMAR JAISWAL 87.6 %
PRACHI PATEL 87.4 %
HEMANT BHARDWAJ 86.8 %
AANSHIKA DEWANGAN 85.8 %
PALAK SINGH 85.6 %
SHRIVANSHU SINGH 85.6 %
ABHISHEK SINGH 85.6 %
ANANYAA SINGROUL 85.4 %
Achievers of Class X
NIDHI SHRIWAS 94.8 %
TUSHAR RATHORE 94.6 %
PRAGYA SAHU 94.2 %
KHUSHBOO BHOI 94.2 %
ARJUN GUPTA 93.8 %
KUNAL KASHYAP 93.6 %
AARNA KAUSHIK 93.6 %
ASHISH SAHU 93 %
SWAPNESH SAHU 91.6 %
PRAANZALI JAISWAL 91.2 %
SANJEEVANI KAUSHIK 91.2 %
ANISH RATRE 90.8 %
VEDANT KUMAR SAHU 90.4 %
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR BOTH BOYS & GIRLS
In-front of CRPF Camp, kota Road, Bharni ,Bilaspur (C.G.)
PH - 9826862004, 7773085667, 8103618157, 7869477301
e-mail : pro.st.xaviers@gmail.com website - www.stxaviersbharni.in
ST. XAVIER'S HIGH SCHOOL
MUNGELI
( A Unit of St. Xavier's Chain of Schools)
Achievers of Class XII
CBSE Affiliation No. - 3330182
SAKSHI DEWANGAN 95.2%
ARPIT KAUR TUTEJA 89.4%
PRATHAM SHUKLA 88%
MAHI SAHU 84%
SAMYAK JAIN 82 %
HARSHI WADHWA 80%
VISHVAJEET SONI 79.2%
SHRUTI SHUKLA 78%
ABHISHEK TRIPATHI 75%
ABHAY KASHYAP 73.2%
Achievers of Class X
RASHI JAIN 92.6%
MOHAMMAD SHAADAB 88.4%
ANUSHKA THAKUR 87%
NIYATI SHUKLA 84.8%
FALGUNI KOSHLE 84.8%
ABHAY SINGH RATHORE 84.6%
DELSI VADHVA 84 %
MADHUMITA DWIVEDI 84%
DARSHIL MAHILANGE 83.6%
JALAJ MISHRA 81 %
Admission Open
07755350045,
9826129896, 7999117127
Sai Mangalam, Pandariya Road,
Mungeli (C.G.)
www.stxaviersmungeli.in

14- MAY- BSP- P-3 ZIN_Layout 1 5/14/2025 11:54 PM Page 1


हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 15 मई 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## बच्चों की पसंद की स्टेशनरी खरीद रहे पैरेंट्स, टिफिन-बॉटल की बढ़ी बिक्री



### कल्पना को पंख देती मैजिक बुक्स

बात करें ड्राइंग बुक व मैजिक बुक्स की तो एनिमल्स, फ्रूट्स, वेजिटेबल्स के की चित्र बने हुए हैं। मैजिक बुक्स व अन्य आकर्षक ड्राइंग बुक्स बच्चों को खेल-खेल में सीखने व नेचर को पहचानने में काफी मददगार होते हैं। मैजिक बुक्स में शेर, जिराफ, बंदर, हाथी जैसे जानवरों, आम, अंगूर, अनार, फूल गोभी, टमाटर आदि के बने चित्रों को वाटर पेन से स्केच कर बच्चे रोमांचित हो रहे।

**बिलासपुर।** पैरेंट्स बच्चों के पसंद के साथ-साथ उनके लिए कंफर्ट स्टेशनरी का कलेक्शन करना चाहते हैं। शहर के गोलबाजार, सदरबाजार रोड स्थित स्टेशनरी शॉप में खासकर बच्चों के इंट्रेस्ट का अच्छा खासा कलेक्शन नजर आ रहा है। पैरेंट्स भी बच्चों के लिए स्टेशनरी खरदीने पहुंच रहे हैं। स्टेशनरी विक्रेता ने बताया कि इस बार भी सभी किस्म की यूनिक स्टेशनरी उपलब्ध है, गर्ल्स, ब्वॉयज दोनों के हिसाब से स्पेशली नर्सरी फर्स्ट के बच्चों के लिए बजट में कार्टून प्रिंटेड, कंफर्ट स्टेशनरी गैजेट्स उपलब्ध हैं।

# स्कूल के लिए पहला कदम... पहला तोहफा, बाजार में आए डोरेमोन, मिकी माऊस, स्पाइडरमैन, कार्टून वाले गैजेट्स

### 10 इन वन फन ब्लास्ट बॉल पेन

बच्चों के लिए वाटर कलर बॉक्स सेट के अलावा 10 इन वन फन ब्लास्ट नाम से बॉल पेन भी आई हुई है। वाटर कलर्स व कलर बॉल पेन, कलर पेंसिल बच्चों के सबसे पसंद व उपयोगी स्कूली सामान में से एक है। स्पाइडरमैन, कैप्टन अमेरिका, हल्क, बार्बी गर्ल प्रिंट वाले कंपास बॉक्स, पेंसिल, स्लेट, पहाड़ा, रेजर्स का कलेक्शन आया है।

"गर्मी की छुट्टियों के चलते स्कूल खुलने में फिलहाल देर है, लेकिन पैरेंट्स अभी से ही पहली बार नर्सरी कक्षा में जाने वाले बच्चों के लिए यूनिक स्टेशनरी कलेक्शन ढूंढना शुरू कर दिए हैं। इसमें पानी बॉटल, टिफिन बॉक्स, मैजिक बुक्स, वाटर कलर्स, कलर पेंसिल, बॉल पेन, बैग, कंपास बॉक्स आदि जरूरी स्टेशनरी के सामान शामिल हैं। गौरतलब है कि छोटे बच्चों को डोरेमोन, मिकी माऊस, स्पाइडरमैन, कार्टून, जंगली जानवर आदि प्रिंट वाले स्कूली गैजेट्स काफी पसंद होते हैं।





### सुपरहीरो बेनटेन एंड एमसन के टिफिन बॉक्स

किड्स टिफिन बॉक्स कलेक्शन में इस बार नया सुपरहीरो बेनटेन एंड एमसन के कार्टून प्रिंट के स्टेनलेस हेल्दी टिफिन बॉक्स पहुंचे हैं।बच्चों के पसंद के अनुरूप पर्याप्त स्पेस वाले ये टिफिन बॉक्स 200 से 400 रुपए तक की रेंज में उपलब्ध हैं, जिसमें फ्रूट्स, रोटी, सब्जियों के लिए अलग-अलग पार्ट बने हुए हैं। टिफिन बॉक्स स्कूली बच्चों के स्कूल किट में सबसे महत्व का चीज है, पैरेंट्स उसी के हिसाब से टिफिन बॉक्स को एड कर रहे हैं, ताकि वे जो फूड्स टिफिन में डालें, वह फ्रेश रहें।

### बच्चों को भा रही रैबिट पांडा वाटर बॉटल

हल्की होने के साथ-साथ पानी को सामान्य तौर पर कूल रख सके, ऐसे में इस सीजन में रैबिट व पांडा की डिजाइन वाली 800 से 900 एमएल की प्रिंटेडे स्टेनलेस सहित अच्छी क्वालिटी की प्लास्टिक वाटर बॉटल बच्चों के लिए स्टेशनरी शॉप पर उपलब्ध है। इसके अलावा स्पाइडरमैन, आयरमैन, बेबी डॉल, प्रिंसेस प्रिंट, लेडी सुपरहीरो, एनिमल्स प्रिंट में मगरमच्छ, डॉल्फिन बच्चों के आकर्षित करते हुए प्रिंटेड पानी बॉटल 100 से 150 रुपए तक की रेंज में मिल रही हैं।






## बौद्ध समाज ने किया परित्राण पाठ, बुद्ध वंदना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करूणा बौद्ध विहार कीर्ति नगर, भारतीय बौद्ध महासभा एवं बौद्ध समाज बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में त्रिगुण वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती मनाई गई। इस दौरान मौन कैंडल रैली निकाली गई। परित्राण पाठ व बुद्ध वंदना का वाचन किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में सभी अतिथियों ने तथागत गौतम बुद्ध व डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। इसके बाद सामूहिक बुद्ध वंदना का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि सारंग राव हुमने अध्यक्ष बौद्ध समाज बिलासपुर, राष्ट्रीय सदस्य भारतीय बौद्ध महासभा, राष्ट्रीय सचिव डॉ. अम्बेडकर परिनिर्वाण भूमि कार्यक्रम समिति दिल्ली ने कहा कि डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर ने लगातार 21 वर्षों तक भारत के सभी प्रमुख धर्मों का अध्ययन करने के बाद 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर की पवित्र दीक्षा भूमि पर अपने 5 लाख अनुयायियों के साथ भारत वर्ष में बौद्ध धम्म की दीक्षा ली। तथागत भगवान गौतम बुद्ध विश्व के पहले क्रांतिकारी महापुरूष थे। अध्यक्षता कर रहे बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश हुमने ने बौद्ध जयंती के संबंध में जानकारी दी और बताया कि त्रिगुण पावन वैशाख पूर्णिमा, उपोसथ उपवास का दिन, ध्यान, साधना व दान का दिन है। बुद्ध पूर्णिमा त्रिविध, त्रिगुण पावन पर्व है। वैशाख पूर्णिमा सम्यक सम्बुद्ध भगवान बुद्ध के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाओं से संबंधित है। उन्होंने बौद्ध गया में महाबोधि मुक्ति अंदोलन के बारे में जानकारी दी और बताया कि धम्म में दान का बड़ा महत्व होता है। मौन कैंडल रैली का संचालन सोनल वैध, रेश्मा रामटेके, सपना गजभिये, रमेश गोंडाने, गोपाल पात्रे, दीपक वाहने ने किया। परित्राण पाठ व बुद्ध वंदना विमल रंगारी, उषा वाहने, चंदानंदा गौली, लीला बाई रामटेके सहित सभी उपासक-उपसिकाओं ने किया। कार्यक्रम का संचालन उषा वाहने अध्यक्ष करूणा बौद्ध विहार कीर्ति नगर एवं अभार व्यक्त सूर्यकांत भालाधरे ने किया।



त्रिगुण वैशाख पूर्णिमा, बुद्ध जयंती संपन्न, निकाली गई मौन कैंडल रैली

## नैतिक मूल्यों व आध्यात्मिक संस्कारों से सजे समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यदि बच्चों को शुरू से ही सही दिशा दी जाए, तो समाज का भविष्य उज्ज्वल हो जाता है। उक्त बातें बीके उमा बहन ने हेमूनगर स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र द्वारा आयोजित सात दिवसीय समर कैंप में कही। आज तीसरे दिन भी बच्चों की भागीदारी और ऊर्जा देखते ही बन रही थी। यह शिविर विशेष रूप से बच्चों में नैतिक मूल्यों, आत्मिक बल और सकारात्मक सोच के विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

कैम्प की शुरुआत प्रेरणादायक विचारों और जीवन उपयोगी शिक्षाओं से हुई। बच्चों ने कहानियों के माध्यम से सच्चाई, सहनशीलता, आत्म-संयम और करुणा जैसे गुणों को समझा और उन पर चर्चा की। इसके बाद डांस स्टोरीज़ के माध्यम से उन्होंने इन्हीं मूल्यों को अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों में पिरोकर मंच पर प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभी बच्चे और बड़ो ने सराहा। इसके साथ ही, चित्रकला, रोल-प्ले, समूह चर्चा, ध्यान-सत्र जैसी गतिविधियों ने बच्चों को न केवल मनोरंजन का अवसर दिया, बल्कि उनके आत्म-विश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता को भी निखारा।सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी लता दीदी ने बताया कि, "इस समर कैंप का उद्देश्य सिर्फ ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर सोई हुई नैतिक और आत्मिक शक्तियों को जगाना है। गुरुवार को समर कैंप का समापन समारोह बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बच्चे पिछले दिनों सीखी गई शिक्षाओं को विविध कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे, जिनमें नृत्य, नाटिका, भजन, भाषण और योग प्रदर्शन शामिल रहेंगे। यह समापन समारोह न केवल बच्चों के लिए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मंच होगा, बल्कि अभिभावकों और अतिथियों के लिए भी एक प्रेरणादायक अनुभव बनकर उभरेगा।





# सीबीएसई बोर्ड परिणामों में शहर के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

बिलासपुर। सीबीएसई बोर्ड 10 वीं व 12वीं बोर्ड परिणाम के रिजल्ट मंगलवार को जारी हुए, जिसमें शहर के विभिन्न स्कूल व कोचिंग संस्थानों के छात्रों ने भी सर्वाधिक अंक लाकर माता-पिता के साथ ही संस्था का मान बढ़ाया है। इस मौके पर संस्था प्रमुखों ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इन्होंने कहा की जब कोई छात्र सफल होता है, तो उससे ना केवल परिवार गौरवान्वित होते बल्कि उनसे जुड़े हर लोग हर्षित होते है।

### आरव ने दसवी में प्राप्त किए 81.2% अंक



लोयोला स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र आरव अग्रहरि ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। रामाग्रीन सिटी निवासी अशोक गुप्ता मौसमी गुप्ता अग्रहरि के सुपुत्र हैं। आरव को फुटबॉल खेलना बहुत पसंद है। इनके प्रिय खिलाड़ी सर्जियोरमोस (स्पेन) फुटबाल खिलाड़ी हैं। जेइइ एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहते हैं।

### शिवांश ने प्रदेश में किया टॉप



शिवांश ने सीबीएससीई 10 वी बोर्ड की परीक्षा में 99 % अंक प्राप्त किया वे छत्तीसगढ राज्य में टॉप किया है। वर्तमान में शिवांश डीपीएस स्कूल में में अध्ययनरत है, उनके पिता अखिलेश पोद्दार एनटीपीसी में डीजीएम है, माता नेहा पोद्दार डीपीएस स्कूल रायपुर में शिक्षिका है। रिटायर्ड बैंक मैनेजर सुभाष अग्रवाल व ममता अग्रवाल के नाती है।

### सौजन्य ने स्कूल में किया टॉप



सौजन्य सिंह राजपूत ने सीबीएसई बोर्ड 10th में 98% लाकर दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। सौजन्य ने इस रिजल्ट का श्रेय अपने माता पिता, बडी बहन और टीचर को दिया हैं। वे छत्तीसगढ़ स्वराज सेना के राष्ट्रीय संयोजक और निषाद पार्टी से छत्तीसगढ़ प्रभारी संजय सिंह राजपूत के बड़े पुत्र हैं।

### मीनल ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया



जेएसपीएल रायगढ़ के डी एन पाण्डेय एवं शिवानी पाण्डेय की पुत्री मीनल पाण्डेय ने 12वी सीबीएसई बोर्ड के गणित संकाय में 91% अंक प्राप्त कर माता-पिता व गुरुजनों को गौरवान्वि किया है। दृढ़ निश्चय एवं कड़े परिश्रम से से सफलता हासिल करने वाली होनहार छात्रा मीनल पाण्डेय ने सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता पित्ता को दिया है। इस उपलब्धि पर माता पिता ने गर्व जताया है।

### मान्या का 12वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन



डीपीएस की छात्रा मान्या शर्मा नें 93.8% अंकों के साथ उत्तीर्ण शानदार सफलता हासिल की है। मान्या नें इस वर्ष के कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट में भी आल इंडिया रैंक 534 प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया है। मान्या का लक्ष्य विधि संकाय में उच्च अध्ययन कर कार्पोरेट क्षेत्र में सफलता हासिल करना है। मान्या, पं.सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा.टी.डी.शर्मा की सुपौत्री एवं समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ संदीप शर्मा व नीति मेम क्लासेस की संचालिका डॉ नीति शर्मा की पुत्री है।

### सिविल सर्विसेस में जाना चाहती हैं आरोही



सदर बाजार तिवारी चैंबर निवासी अधिवक्ता शरद तिवारी एवं शीतल तिवारी की सुपुत्री आरोही तिवारी डीएवी पब्लिक स्कूल की छात्रा है, जिसमें 94% दसवीं की परीक्षा में प्राप्त किया है। आगे चलकर सिविल सर्विस में जाना चाहती है।

### प्रीमियर के 30 छात्रों ने लाए 90% से अधिक अंक



प्रीमियर एकडेमी कोचिंग संस्थान फिर एक बार शहर में सर्वाधिक परिणाम देकर अपने रिजल्ट देने की लेगेसी को बरकरार रखा है। 10 वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में जहां एक ओर सीजी बोर्ड के छात्र टिपेश यादव ने 98.83% अंक प्राप्त कर राज्य स्तर पर 3rd रैंक प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया है। वही साथ ही साथ 30 से अधिक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर संस्थान के साथ माता पिता का मान बढ़ाया है। संस्था के छात्र आकंक्षा टोप्पो 97%, आर्यन संडे 96%, मनन गोयल 95.6%, शिखा 95.6%, वंदना 95.5%, हानि जायसवाल 94.5%, वैभव बाबू ने 94%, डेविड चंद्रा 94%, भूपेश महिपाल 93%, आशिफ खान 93%, सोविका 92.5%, अंतरा 92.4%, मानव राठिया 92%, यशस्वी 92%, मानसी नायक 92%, सौरभ पटेल 91.6%, दीक्षेश 91.4%, नीरज वर्मा 91.4%, अंश 91.2%, राजवीर 91%, श्रेया कैवर्त्य 91%, यामिनी साहू 91%, तोषिणि इनसेना 90.8%, शानवी साही 90%, श्रुति 90%, आरना कौशिक 90%, अविनाश ने 90% अंक प्राप्त किया है। संस्था ने विगत 10 वर्षों से लगातार न ही सिर्फ बिलासपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान छात्रों के सपनो को पंख देकर उनको सफलता की उड़ान भरने के लिए तैयार किया है, संस्था के सफल मार्गदर्शन का ही परिणाम है की आज हमारे शहर एवं प्रदेश के हजारों छात्र राष्ट्रीय संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रीमियर एकडेमी में छात्रों को फाउंडेशन लेवल से ही स्कूल रिजल्ट के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है ताकि स्टूडेंट्स अपने बोर्ड के परिणाम में बेहतर करते हुए काम्पीशन एग्जाम की तैयारी भी करते हैं। संस्था की डायरेक्टर डॉ रनित गुम्बर ने बताया की संस्था छात्रों की टाइम मैनेजमेंट एवं ट्रैफिक की समस्या को ध्यान रखते हुए 3 ब्रांच शहर में चल रहे हैं ताकि छात्रों को उनके घर के नजदीक ही शहर की सब्बसे बेहतर शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

### एलसीआईटी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने फिर लहराया सफलता का परचम

एलसीआईटी पब्लिक स्कूल ने अपने विद्यार्थियों को शैक्षणिक और नैतिक मूल्य सहित तैयार किया। प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती। इसका प्रमाण 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में परिलक्षित हुआ। एलसीआईटी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अभिभावकों, शिक्षकों एवं शाला को गौरवांवित किया। निःसंदेह यह परीक्षा परिणाम त्याग, समर्पण, अथक परिश्रम और सही मार्गदर्शन का प्रतीक है। एलसीआईटी पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्रों ने अपनी गरिमामयी उपलब्धि से न केवल शाला बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया। कक्षा दसवीं में 10 विद्यार्थियों तनु प्रिया 98.2%, रोशन साहू 97.2%, प्रथा कलवानी 96.2%, संभव चावला 95.8%, आकृति मल्धा नी 95.2%, कीर्ति प्रभा 94.2%, दीपिका मल्घानी 93.6%, अदिति बघेल 93.6%, प्रांजना सिंह 93.4%, गिरीश छाबरिया 93.2% ने 90% से अधिक अर्जित कर शाला का नाम बढाया है। इसी तरह कक्षा बारहवीं के 6 विद्यार्थियों शौर्य श्रीवास 95.2%, प्राची शेरवानी 93.6%, काव्य मनवानी 92.2%, मोहित शर्मा 91.6%, रश्मित कौर 91%, सिया ओटवानी 90.4% ने 90% से अधिक तथा चार विद्यार्थियों अश्लेष शुक्ला 89.8%, अनुभव देवांगन 88.8%, नेहा वाधवानी 88%, अव्वल गर्ग 88% ने 88% से अधिक प्राप्त कर शाला की गरिमा में श्री वृद्धि की। एलसीईआरटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष अंकित जैन, सचिव उपकार राय तथा एलसीईआईटी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सेबेस्टियन जोसेफ, उप प्राचार्य कैनेथ बेंजामिन, प्रधानपाठिका शालिनी देवरा तथा प्रशासनिक अधिकारी शिवानी जैन ने विद्यार्थियों को उनके गरिमामयी उपलब्धि के लिए उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

### त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल ने रचा नया कीर्तिमान



त्रिमूर्ति पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियो ने 10वी. मे पढ़ने वाले सभी 33 विद्यार्थियो में से 16 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे, वहीं 12वीं का परिणाम और भी उत्कृष्ट रहा। इनमें से 118 छात्र छात्राओ में से 72 छात्र छात्रा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। विद्यार्थियो ने 97 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर स्कूल को एक नये आयाम में पहुँचा दिया। त्रिमुर्ति पब्लिक स्कूल सरगाँव का एक मात्र सीबीएसई स्कूल है जहाँ, विद्यालीय शिक्षा के साथ साथ आईआईटी, जेईई एवं नीट की तैयारी कराई जाती है। इस बार 12वी टापर की सूची में विज्ञान संकाय, के कुशाग्र शुक्ला ने 94%, यश कुमार सिंगरोल 91.40%,जसनेह सिंह गाँधी, 89.80%, अर्पिता 89.60%, प्रथम सचदेव 89.20%, प्रज्ञान महुले 88.40%, श्रेष्ठा श्रीवास्तव 88%, अनुराग समल 87.20%, हर्षल सिंह 86.60%, यशु बाघमार 85.40% रहा। 10वी. टापर की सुची में अथर्व सिंह क्षत्रीय 97%, आरूशी शर्मा 87.67%, नम्रता महिलांगे 86. 17%, लक्ष्य साहु 84.50%, आयुश तिवारी 81.33%, ऋषभ महावार, हर्षित कुमार खरा, वाशु कश्यप, साक्षी राजपूत, जसलीन कौर रहे। त्रिमुर्ति पब्लिक स्कूल सरगाँव का एक मात्र सीबीएसई स्कूल है जिसका संचालन पिछले 12 वर्षो से हो रहा है एवं स्कूल के प्रबंधक राजेश त्रिवेदी के द्वारा बताया गया की त्रिमुर्ति पब्लिक स्कूल में सभी वर्गों के बच्चो को शिक्षा प्राप्त कराया जाता है। जिसमें सामान्य वर्ग के साथ साथ अनुसुचित, मेहनतकश एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थी भी शामिल है। स्कूल प्रांगण मे सर्व सुविधा युक्त छात्र एवं छात्राओ के लिए अलग अलग छात्रावास की सुविधा है। स्कूल प्रबंधन के द्वारा समस्त विद्यार्थियो शिक्षको एवं अभिभावको का आभार व्यक्त किया एवं छात्रो के उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दी गई।

### सेंट जेवियर्स भरनी के विद्यार्थियों ने परचम लहराया



सीबीएसई बोर्ड के 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए गए, जिसमें सेंट जेवियर्स भरनी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 10वीं के नतीजों में निधि श्रीवास, तुषार राठौर, प्रज्ञा साहू और खुशबू भोई ने 94.8, 94.6, 94.2 और 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहीं। जबकि 12वीं के नतीजों में दिव्या केशरवानी, जतिन कर्ष और वामिका सिंह 93, 89.6 और 89.2 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहीं। 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक 51 विद्यार्थियों ने हासिल किए। सेंट जेवियर्स चेन ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ जी एस पटनायक ने शानदार परिणाम हासिल करने पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### आचार्य इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों को लगा विजय तिलक



आचार्य इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन हो तो सफलता सिर्फ मंज़िल नहीं परंपरा बन जाती है, सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं के घोषित परिणामों में संस्थान ने शत प्रतिशत सफलता हासिल की है। सबसे बड़ी बात 32 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र में संस्थान का मान बढ़ाया है। टॉपर्स में अथर्व सिंह 99, अरबप्रीत 97.6%, सात्विकी जायसवाल 97.4% और अमिताशा सोनी 96.4% ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नया बेंचमार्क सेट किया है। अथर्व को मैथ्स में 100/100 मार्क मिले। संस्थान के निदेशक संदीप द्विवेदी ने कहा, "ये सिर्फ नंबर नहीं, यह हमारे बच्चों की उड़ान है, और ये उड़ान अब थमेगी नहीं।" महत्कांक्षाओं की उड़ान को समर्पित आचार्य इंस्टिट्यूट का यह सफर बच्चों के सपनों को सच कर देने का सफर है और उनके लिए उज्जवल भविष्य के द्वार खोलने का प्रयास है।

### अरपा रिवर वैली स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



अरपा रिवर वैली इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने हाल ही में घोषित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 10वीं में शुभ कछवाहा ने 98.6 अंकों के साथ स्कूल टॉप किया है। वहीं कक्षा 12वीं में आदित्य राज माथुर ने 96.8 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष कक्षा 12वीं के 22 छात्र और कक्षा 10वीं के 23 छात्र ऐसे हैं जिन्होंने 85 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्रों ने अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हुए संस्कृत योग तथा सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में 100 अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 10वीं के हर्षित गुप्ता,साक्षी केडिया तथा कक्षा 12वीं के हर्ष लहरे 93.2 और नेहा वर्मा ;92.2 शामिल हैं। यह गौरव का क्षण है,इस वर्ष विद्यालय के10 वर्ष पूरे कर रहा है। विद्यालय के प्रबंध नए शिक्षकगण एवं समस्त स्टाफ सभी छात्रों को उनकी इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी।

### महर्षि विद्या मंदिर के स्टूडेंट्स ने बोर्ड रिजल्ट में प्राप्त किए सर्वाधिक अंक



सीबीएसई बोर्ड एग्ज़ाम्स के परिणामों में महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने हमेशा की तरह ही अपना वर्चस्व कायम रखा। सभी विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक अंक प्राप्त करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता में सभी फैकल्टीए स्कूल मैनेजमेंट एवं अभिभावकों का योगदान रहा। कक्षा 12वी के टॉपर्स की लिस्ट में कॉमर्स की ऋषिका श्रीवास्तव ने 97 कौस्तुभ सिंह ठाकुर ने 93.2, दिव्यांश सिंह ने 92.4 प्राप्त किया। वेदांत साहू 92, वैष्णवी पांडेय 90.2, हर्ष केलवानी 89.7, श्रेया केसरी, रिया सुखवानी,हृषित तिवारी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। मैथ साइंस की आद्या प्रसाद ने 93.4 अविका गुप्ता 85.2 और जयेश राठौर 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। बायोलॉजी स्ट्रीम के प्रांजल साहू ने 83.4 अंक प्राप्त किये,तनीषा श्रीवास्तव ने 90.6, श्रेया ठाकुर 89 पालक शुक्ला 87.6 प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं के छात्रों ने भी बोर्ड परीक्षा में अपना सिक्का जमाया, चारवी गहवाई ने 96.2 अक्षत पटेल ने 95 तनुष्क राज मैत्री ने 94.8, अस्तित्व बंजारा 93 आकांक्षा मेरावी 93 कार्तिकेय जायसवाल 92.2, तुषार वस्त्रकार 91.6 वैष्णवी साहू 90 दिव्यांशी पात्रे,अभिजय खरे,कृति यादव, अंत्य कुमार शर्मा, चिराग सिसोदिया,गर्व कुमार वैष्णवी तिवारी, प्रियांशी यादव,अंशुल तोपो,साईं सिरीशा और भवानी सिंह ने अंक प्राप्त किए।

## नगर पंचायत में मूलभूत सुविधाओं की कमी

# तालाब में फैली गंदगी, लोगों को निस्तारी में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नगर पंचायत बनने के बाद जरहागांव में साफ-सफाई एवं पानी आदि की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक नगर में ऐसा कुछ देखने को नहीं मिल रहा। नगरवासियों का कहना है कि यहां तालाब व वार्ड की सफाई तथा पानी की असुविधा हैं। सीएमओ तत्परता से अपना कार्य संपादित नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण नगरवासियों में रोष बढ़ता नजर आ रहा है। इस समस्या पर नगरवासी आज गांधी मैदान में आयोजित होने वाले समाधान शिविर में शिकायत करेंगे।

**बस स्टैंड में सुलभ शौचालय न यात्री प्रतीक्षालय नहीं**- नगर पंचायत में कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण लोग परेशान हैं। नगर के बस स्टैंड की हालत भी काफी खराब है, न तो यहां यात्री प्रतीक्षालय है और न ही सुलभ की व्यवस्था है। यात्री धूप व बारिश में खड़े होकर बस का इतंजार करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में रहने वाले रामकुमार सारथी ने बताया कि बस स्टैंड परिसर में यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्री बस के लिए धूप में खड़े रहते हैं। साथ ही परिसर में सुलभ शौचालय नहीं है, जिनके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### शक्ति तालाब में जलकुंभी का जाल

शक्ति तालाब में नगर की आधी आबादी निस्तारी करती है, लेकिन पांच वर्षो से जलकुंभी ने तालाब को निगल लिया है। स्थिति ऐसी है कि तालाब में पैर रखना भी दुश्वार हो गया है। नगर वासियों ने तालाब के पानी में नहाने से शरीर में खुजली तथा तरह की रिएक्शन होने की बात कही है। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र कश्यप ने बताया कि शक्ति तालाब लोगों की निस्तारी का बहुत बड़ा माध्यम है, लेकिन जल कुंभी से तालाब भर गया है, ऐसे में तालाब में नहाते नहीं बनता। यह स्थिति लगभग पांच वर्षो से है, लेकिन अब तक तालाब की सफाई नहीं हो सकी।



**सफाई कराई जाएगी**

तालाब की सफाई हेतु एक तालाब को सुखाया गया एवं दूसरे को साफ कराने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। जैसे ही कोई फंड मिलता है, तत्काल दोनों तालाब की सफाई कराई जाएगी।

-**रुपाली वेद प्रकाश कश्यप**, नपं अध्यक्ष

# परसदा वेद में मलीय कीचड़ उपचार संयंत्र की स्थापना

■ उचित शुल्क देकर कराई जा सकती है टैंक की सफाई

**मस्तूरी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ब्लॉक मुख्यालय से 4 किलोमीटर समीप स्थित ग्राम पंचायत परसदा वेद में मलीय कीचड़ उपचार संयंत्र की स्थापना की गई है। इसके तहत ब्लॉक के 171 गांवों एवं नगरीय निकाय क्षेत्र में निर्मित सेप्टिक टैंक वाले शौचालयों के भरने पर सफाई करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसी हितग्राही का सेप्टिक टैंक भर गया हो तो ग्राम पंचायत परसदा वेद के सरपंच से 9893306537 एवं सचिव से 9202698717 मोबाईल नंबरों से संपर्क कर सकते हैं।

सेप्टिक टैंक खाली करने के लिए घर, निजी कम्पनी, व्यवसाय, दुकान, स्कूल, सामुदायिक शौचालय के लिए दूरी अनुसार अलग-अलग दर निर्धारित किया गया है। जिसमें 5 किलोमीटर की दूरी वाले घर हेतु 1500 रूपए, निजी कंपनी, व्यवसाय एवं दुकान हेतु 2500 रूपए एवं स्कूल, सामुदायिक शौचालय हेतु 1000 रूपए। इसी प्रकार 5 से 25 किलोमीटर दूरी वाले घर हेतु 2500 रूपए, निजी कंपनी, व्यवसाय एवं दुकान हेतु 3000 रूपए एवं स्कूल, सामुदायिक शौचालय हेतु 1500 रूपए। 25 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए 50 रूपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से घर हेतु 2500, निजी कंपनी, व्यवसाय एवं दुकान हेतु 3000 एवं स्कूल, सामुदायिक शौचालय हेतु 1500 रूपए राशि निर्धारित की गई है।

# तापमान बढ़ने से नगर के लोगों का हाल-बेहाल

■ दोपहर होने से पहले ही सड़के हो जाती हैं सुनसान

**मुंगेली।** क्षेत्र में तेज गर्मी पड़ने लगी है, जिसकी वजह से दोपहर में शहर की सड़के सूनी हो जाती हैं। तेज गर्मी के साथ चल रही गर्म हवाओं से लोगों का हाल बेहाल है। मंगलवार को नगर का पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। नगर में रिकार्ड तोड़ गर्मी पड़ने से लोग बेहाल हो रहें है।

मुंगेली शहर में उद्योगों के नाम पर मात्र 7 राइस मिल हैं, यहां वातावरण को गर्म करने वाला कोई दूसरा और माध्यम उद्योग, कारखाने नहीं हैं, इसके बादजूद मुंगेली गर्म शहर बनता जा रहा है। सूर्य की तपन से लोग बचने के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे है। युवा व बुजुर्ग टोपी और गमछा लगाकर गर्मी से अपना बचाव कर रहे हैं। गर्मी के चलते



गर्मी में सूनी सड़कें।

लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है एवं शीतलता देने वाले संसाधनों की मांग बढ़ी है। इन दिनों गन्ना रस की दुकानो में काफी भीड़ लग रही है। मौसम बदलने से अस्पतालों तथा निजी डाक्टरो के पास मरीजो की संख्या में बढोत्तरी हुई है। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में 11 बजते ही सड़कें सुनसान हो जाती हैं तथा शाम 5 बजे के बाद ही सड़को में चहल-पहल दिखती है। तापमान बढ़ने के साथ ही वाटर लेवल डाउन होने से ट्यूबवेल में पानी कम होने की शिकायतें आ रही हैं, जिसके चलते कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। वरिष्ठ नागरिक प्रभात गुप्ता एवं प्रमोद पाठक ने बताया कि वाटर लेवल मेंटेन रखने के लिए आगर नदी को संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है। खर्राघाट स्थित बंद पड़े गिट्टी खदानों को व्यवस्थित कर आकर्षक झील का रूप दिया जा सकता है, जिससे वाटर लेवल मेंटेन रहेगा।

# गुप्ता समाज के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**पेंड्रा।** बागेश्वर कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता बुधवार को जीपीएम प्रवास पर रहे, जहां समाज की जिला इकाई के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस प्रवास पर उनके साथ आए राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य दाऊ गुप्ता, विजय गुप्ता एवं कैलाश गुप्ता का पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल देकर जिला अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय गुप्ता ने किया एवं बागेश्वर कसौंधन समाज की ओर से विशिष्ट अतिथि के रूप में गौरेला नपा मुकेश दुबे का स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने समाज के लिए भवन निर्माण हेतु भूमि की मांग का ज्ञापन दिया, जिस पर नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे ने आश्वस्त किया कि डबल इंजन की सरकार में अवश्य ही बागेश्वर कसौंधन समाज को भूमि दिलवाने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि जब भी समाज के भवन निर्माण का कार्य शुरू होगा तो प्राथमिक स्तर पर 5 लाख की राशि मेरी ओर से समाज को दी जाएगी। आशीष गुप्ता ने समाज की तरफ से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया, और समाज के सभी साथियों से परिचय वार्ता किया और यह विश्वास दिलाया कि समाज और समाज के बंधुओं को आगे बढ़ाने में हम सब मिल पर प्रयास करेंगे। पूर्व अध्यक्ष सलिल गुप्ता ने कार्यक्रम के बाद सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी पीयूष गुप्ता ने दी।

## हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित



**सरगांव।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नगर पंचायत सरगांव में बुभवार 14 मई को समाधान शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 114 समस्याओं और मांगों पर जनसुनवाई की गई। शिविर में प्राप्त आवेदनों में सबसे अधिक 32 आवेदन कृषि विभाग से संबंधित थे, जबकि जन संपर्क विभाग से 1, खाद्य विभाग से 7, स्वास्थ्य विभाग से 1, शिक्षा विभाग से 2, नगर विकास से विभाग 6, सामाजिक कल्याण विभाग से 1 आवेदन सहित अन्य विभागों के आवेदन भी शामिल रहे। पंचायत कार्यालय से संबंधित 40 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शीघ्र समाधान किया जाएगा। राजस्व विभाग से संबंधित 50 आवेदन दर्ज किए गए।

# कलेक्टर ने ली जिले के अधिकारियों की बैठक



■ सीएम दौरे की तैयारियों का की जानकारी लेकर दिए निर्देश

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जिले में संभावित प्रवास के मद्देनजर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग, साफ-सफाई, लाइटिंग, विद्युत, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था आदि तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय में पूरी हो जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण के साथ प्रेसवार्ता करेंगे और सभी अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। इस हेतु सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी तैयार रखें। कलेक्टर ने सम्पूर्ण कार्यक्रमों के सफल व सुव्यवस्थित आयोजन के लिए अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी को नोडल अधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय को अतिरिक्त नोडल अधिकारी और मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इस दौरान अपर कलेक्टर जीएल यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

# गांव में पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रही सरकार: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सुशासन तिहार में एक चीज प्रमुख रूप से देखने को मिली है कि क्षेत्र में समस्याएं कम विकास के लिए ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्रदेश की जनता ने जो भरोसा भारतीय जनता पार्टी पर दिखाया है उस भरोसे पर प्रदेश की सरकार खरा उतर रही है एवं रहकर जनता के बीच पहुंचकर शिकायतों व मांग के आवेदन ले रही है। साथ ही सरकार गांव में ही पहुंचकर उन समस्याओं का निराकरण भी कर रही है।

उक्त बातें ग्राम जरौंधा में आयोजित समाधान शिविर में विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। विधायक धर्मजीत सिंह, संतोष कौशिक, डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार, ललिता संतोष कश्यप, शिवेन्द्र प्रताप कौशिक, सीमा अश्वनी श्रीवास, मनहरण कौशिक, कविता यादव, बबीता देवी, रामकुमार सिंगरौल, शिव कुमार कंवर एसडीएम, सत्यव्रत तिवारी




सीईओ, पंकज सिंह तहसीलदार, श्याम वस्त्रकार फूड इंस्पेक्टर, गोपी सिंह, जसवंत जांगड़े, सुनील तिवारी, विकास जायसवाल, शशांक शर्मा, राजेश लहरे, इंद्राज सिंह, विरेन्द्र कश्यप, पेखन सिंह ठाकुर, बोनू ठाकुर, वेदव्यास सिंह, कैलाश सिंह, शिवचरण कौशिक, नरेन्द्र रजक सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में शिविर का संचालन किया गया एवं लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में सम्मिलित 11 ग्राम पंचायतों से कुल 3 हजार 8 सौ 78 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में 30 विभागीय स्टॉल लगाए गए। शिविर में 8 हितग्राहियों के आवास की स्वीकृति, 13 हितग्राहियों की पेंशन स्वीकृति की गई एवं 11 हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण, 10 हितग्राहियों को जॉबकार्ड वितरण किया गया। साथ ही 2 समूह के लिए 4.50 लाख का बैंक लोन स्वीकृत किया गया। इसी तरह 2 हितग्राहियों को लपेटा पाइप एवं 40 हितग्राहियों को ड्राईविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया पूरी की गई।

### शराब दुकान खोलने की मांग

आवेदन के माध्यम से ग्राम कोड़ापुरी में शराब दुकान खोलने की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया कि शराब लेने के लिए 20 किलो मीटर तखतपुर या सकरी जाना पड़ता है, जिसकी वजह से पुलिस भी रास्ते में रोककर परेशान करती है। ग्राम कोड़ापुरी में अवैध शराब एवं महुआ बनाकर बेचने से शासन को आर्थिक क्षति हो रही है एवं इससे महिलाएं भी प्रताड़ित है। क्षेत्र की जनसंख्या के आधार पर शराब दुकान खोली जा रही है। मांग पत्र मिलने के बाद तखतपुर विधायक ने कहा कि 22 साल के कैरियर में पहली बार ऐसा आवेदन आया है कि ग्रामीण शराब दुकान खोलने की मांग कर रहे हैं। साथ ही विधायक धर्मजीत सिंह ने आबकारी इंस्पेक्टर कल्पना राठौर से मंच से नई शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कही। मांग करने वाले ग्रामीणों में बद्री प्रसाद, नेहा साहू, शुभम साहू, सुनीता साहू, नीरा मानिकपुरी, बदली साहू, सुदर्शन पटेल आदि शामिल रहे।

# शत प्रतिशत रहा हाई स्कूल टेकर का रिजल्ट

### 81 प्रतिशत रहा 10वीं का परीक्षा परिणाम

**बेलतरा।** शासकीय हाई स्कूल टेकर में कक्षा दसवीं के 23 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 18 प्रथम श्रेणी में व 5 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में पहला स्थान मंदाकिनी कश्यप 88.1 प्रतिशत, दूसरा स्थान राधिका साहू 87. प्रतिशत, तीसरा स्थान प्रीति सूर्यवंशी 82% एवं चौथा स्थान अखिलेश कुमार 81.33 प्रतिशत ने प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्य नसीम बेगम ि द्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

शाउमा शाला बेलतरा में 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कुल 52 विद्यार्थियों में 3 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 38 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी व 1 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। इस प्रकार 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। साथ ही 10वीं में कुल 66 विद्यार्थियों में से 14 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 35 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी, 5 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार रिजल्ट 10वीं का परिणाम 81 फीसदी रहा। खुशबू कैशिक ने 93 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में अव्वल स्थान प्राप्त किया। साथ ही रीना कसेर 90 प्रतिशत के साथ दूसरे व स्वेता सूर्यवंशी 86 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा 12वीं में रूचि कश्यप ने 76 प्रतिशत व रितिका बघेल 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहले व दूसरे स्थान पर रहीं।

### आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल भरींडांड



**भरींडांड़।** जिले के मरवाही विकासखंड की आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय भरींडांड़ का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में पहले स्थान पर शानिया कोटहा 74.5 प्रतिशत, दूसरे स्थान पर प्रियंका तिवारी 73.83 प्रतिशत एवं तीसरे स्थान पर साक्षी पंत 63.1 प्रतिशत रहीं। इसी तरह आठवीं में आदर्श पांडेय व दर्श यादव 81.3 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रहे। 70.3 प्रतिशत के साथ तथ्य उईके दूसरे एवं 68.3 प्रतिशत के साथ नैहक साहू तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह पाचवीं कक्षा में रिधी तिवारी 96.5 प्रतिशत प्रथम, मीनाक्षी रैदास 95 प्रतिशत द्वितीय व शालनी सोनवानी 91.5 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### परी ने बढ़ाया जिले का गौरव

**गौरेला।** परी सिंघई ने 92.40 प्रतिशत अंक लाकर 12वीं की परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परी गौरेला की रहने वाली हैं एवं सेमरा के आत्मानंद स्कूल की छात्रा हैं। छात्रा ने बताया कि शिक्षकों एवं स्वयं की मेहनत से आज मैं इस मुकाम को हासिल कर पाई हूं। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व भाई-बहनों को दिया, जिन्होंने उनकी पढ़ाई में उनका पूरा सहयोग किया और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहे।

### अर्पिता ने दसवीं में मारी बाजी



**जरहागांव।** अर्पिता साहू ने 10वीं में 94.16 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार एवं स्कूल का नाम रोशन किया। ज्ञात हो कि आरके पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल बरेला में अध्यनरत छात्रा अर्पित साहू पिता रामचंद्र साहू निवासी जरहागांव ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में सभी विषय मे विशेषों में विशेष अंक हासिल किया है।

### 10वीं में सिद्धांत, 12वीं में पूनम ने मारी बाजी

**लगरा।** सेजेस शाला पंधी में कक्षा दसवीं में परीक्षा में सिद्धांत रात्रे ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम एवं गार्गी शर्मा ने 89.16 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। शाला में कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की पूनम यादव ने 82 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। गणित संकाय से नीलाक्षी सुनहले ने 79 प्रतिशत, विज्ञान संकाय की निवेदिता रात्रे 76 प्रतिशत व कला संकाय की चांदनी यादव ने 67 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में 1 सौ 3 छात्रो में 52 उत्तीर्ण हुए, जिसमें 24 प्रथम, 40 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं में 1 सौ 39 में 1 सौ 13 उत्तीर्ण, जिसमें 46 प्रथम व 65 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

### उत्कृष्ट रहा आत्मानन्द स्कूल का परिणाम



**लोरमी।** आत्मानंद स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा दसवीं में माही नामदेव 95.5 प्रतिशत प्रथम, सौम्या राजपूत 95 प्रतिशत द्वितीय तथा हंसिका राजपूत 93 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा दसवीं में कुल 49 परीक्षार्थी में से 43 उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत रहा। वहीं कक्षा 12वीं में पुष्पकांत साहू 91 प्रतिशत प्रथम, रिद्धि कश्यप 85 प्रतिशत द्वितीय एवं श्वेता सिंह 81.6 प्रतिशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 90.4 प्रतिशत रहा। 12वीं में कुल 21 परीक्षार्थी में से 19 पास हुए जबकि दो पूरक रहे।

### स्नेहा को मिले 86.66 प्रतिशत अंक



**मोपका।** विवेकानंद नगर मोपका निवासी छात्रा स्नेहा साहू ने 10वीं कक्षा में 86.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने माता पिता का नाम रोशन किया। स्नेहा स्वामी आत्मानंद विद्यालय लिंगयाडीह बिलासपुर की छात्रा हैं।

### वीरानी पब्लिक हायर स्कूल सीपत

**सीपत।** विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में हाई एवं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के कुल 28 विद्यार्थियों में से 26 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए एवं दो विद्यार्थी द्वितीय स्थान पर रहे। मनीष चंद्राकर 91.16 प्रतिशत, रुचि कश्यप 90.33 प्रतिशत, लोकेश पटेल 89 प्रतिशत, प्रीतम पटेल 88.5 प्रतिशत, रोशन पटेल 82.5 प्रतिशत, वीना जायसवाल 80.83 प्रतिशत, चारु साहू 79.66 प्रतिशत, हिमानी राज मेरावी 78.66 प्रतिशत, साहिल विश्वकर्मा 78.33 प्रतिशत, मिथिलेश साहू 74.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

### एलबीडी इंटरनेशनल स्कूल

**करगी रोड कोटा।** एलबीडी इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 12वीं में इस वर्ष संस्कार गुप्ता ने 72 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिति सिदार 66.4 प्रतिशत, मनीष कश्यप 65 प्रतिशत अंक के साथ क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा 10वीं के परिणाम में शुभम बंजारे ने 92.16 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेया ठाकुर 91.16 प्रतिशत व विशाल लहरे 88 प्रतिशत अंक प्के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### खुशी ने पेंड्रा में किया टॉप



**पेंड्रा।** पेंड्रा की होनहार छात्रा खुशी सोनी ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पेंड्रा में प्रथम स्थान हासिल किया है। खुशी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा है। खुशी पेंड्रा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन सोनी की पुत्री हैं एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध सराफा व्यवसायी विजय सोनी की नातिन हैं।

### 10वीं में त्र्यम्बिका अव्वल



**सीपत।** सुनील शिक्षण संस्थान सीपत के हायर सेकंडरी एवं हाईस्कूल के छात्रों का बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। हाईस्कूल की परीक्षा में त्र्यम्बिका गोस्वामी ने 89.33 प्रतिशत, अन्नू कैवर्त 89.16 प्रतिशत, गार्गी शर्मा 89 प्रतिशत, अनसुइया 88.8 प्रतिशत , जितेंद्र सिदार 87.66 प्रतिशत, सिद्धांत वस्त्रकार 85.83 प्रतिशत, राजीव कश्यप 85.66 प्रतिशत, शालिनी साँवले 85.16 प्रतिशत, देव पटेल 85 प्रतिशत, शुभम केंवट 84 प्रतिशत, स्वयं कुमार 83.16 प्रतिशत, मुकेश सिदार 81.33 प्रतिशत एवं नम्रता पटेल ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### हरदी कला के मानस ने जिले में किया टॉप





**बोदरी।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा में शासकीय उमा विद्यालय हरदीकला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस विद्यालय से मानस साहू पिता रामरतन साहू कक्षा ने 12वीं में 94.8 प्रतिशत प्राप्त कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डेविड कुमार धुरी ने 88.4 प्रतिशत दूसरे एवं दीपाली सांडे 85.8 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसी तरह कक्षा दसवीं में कुमारी सिल्की कौशिक पिता शिवनंदन कौशिक ने 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में रूपाली सांडे एवं प्रभा कौशिक 92 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

### आराध्या ने हासिल किया जिले में 5वां स्थान



**गौरेला।** सेंट मैरी स्कूल गौरेला की छात्रा आराध्या सोनी पिता कोमल सोनी ने वर्ष 2024-25 की कक्षा दसवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर जिले मे पांचवा स्थान प्राप्त किया। छात्रा की इस सफलता ने जिले को गैरवान्वित किया है। छात्रा आराध्या सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित कर मेरा मनोबल बढ़ाया।

### अकलतरी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन





**लखराम।** स्वामी विवेकानंद विद्यालय अकलतरी का हाई एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाई स्कूल परीक्षा में 93.83 प्रतिशत प्राप्त कर कुमारी श्रुति धीवर एवं झांसी देवांगन ने संयुक्त रूप से कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह दीपांजलि साहू 92.5 प्रतिशत दूसरे, अर्चना साहू 84.66 प्रतिशत तूसरे स्थान पर रहीं। परीक्षा का परिणाम औसत 65 प्रतिशत रहा। 12वीं का औसत परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा, जिसमें सूरज देवांगन विज्ञान संकाय में 80.8 प्रतिशत अंक के साथ पहले स्थान पर रहे। यामिनी देवांगन व दीक्षा यादव 77.8 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान व प्रखर कश्यप 76 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### डिंकल को मिले 91% अंक



**मुंगेली।** श्याम सिंह ऊबेजा हाईस्कूल की छात्रा डिंकल बंजारा पिता विजय बंजारा ने कक्षा 10वीं में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं परिवारजन का रोशन की।

### प्रेक्षा ने 12वीं व द्रिसना ने 10वीं में किया टॉप



**जीपीएम।** सीबीएसई परीक्षा परिणाम घोषित हो गए है, जिसमें गौरेला की डीएवी सारबहरा की छात्रा प्रेक्षा जैन ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रेक्षा जैन नगर के व्यवसायी सचिन नीतू जैन की पुत्री हैं जो डीएवी सारबहरा में वाणिज्य संकाय में अध्यनरत थीं। प्रेक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार एवं गुरुजनों को दिया, भविष्य में प्रेक्षा ने सिविल सर्विस में जाने की बात कही। इसी तरह कक्षा 10वीं सीबीएससी में कल्याणिका पब्लिक स्कूल गौरेला की छात्रा द्रिसना अर्गल ने में 97 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बचपन से मेघावी छात्रा रहीं द्रिसना आगे की पढ़ाई बायोलॉजी विषय से करना चाहती हैं। द्रिसना अर्गल का लक्ष्य भविष्य में अच्छा इंसान बनना है तथा देश एवं समाज की सेवा करना है। द्रिसना पढ़ाई के अलावा चित्रकारी एवं नृत्य में रुचि रखती हैं, विशेष रूप से भरतनाट्यम में उन्हें महारत हासिल है तथा उन्हें इसके लिए कई बार पुरस्कृत किया जा चुका है। द्रिसना के माता-पिता स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्यरत हैं, उनके पिता डॉक्टर एसके अर्गल शिशु रोग विशेषज्ञ के रूप में गौरेला में पदस्थ हैं एवं मां डॉक्टर ममता अग्रवाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सधवानी में कार्यरत हैं। द्रिसना अर्गल अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता ईश्वर एवं अपने शिक्षकों को देती हैं।

### डीएवी स्कूल गोढ़ी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिल्हा।** डीएवी पब्लिक स्कूल गोढ़ी सीबीएसई के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 10वीं की परीक्षा में कुल 39 छात्र शामिल हुए जिसमें 38 छात्र पास और एक फेल हुआ। माधवी साहू ने 95.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, दिव्या बरगाह 91 प्रतिशत द्वितीय ताथा विक्रांत 89 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में आर्या शुक्ला 90 प्रतिशत प्रथम, श्रद्धा जांगड़े 74 द्वितीय, तथा आस्था मिरी 71 तृतीय स्थान पर रहीं। साथ ही विज्ञान संकाय में पहले स्थान पर ज्योति नामदेव 80.2 प्रतिशत, दूसरे स्थान पर प्रियल भांगे 75 तृतीय तथा प्रियंका रात्रे 74.4 प्रतिशत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### शिशु मंदिर झाफल



**लोरमी।** सीजी बोर्ड परीक्षा में ग्राम झाफल के सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। कक्षा 12वीं में नम्रता सिंह राजपूत ने 91.2 प्रतिशत, डिगेश्वरी साहू ने 89.8 प्रतिशत, मयंक जायसवाल ने 82.8 प्रतिशत अंक लाकर क्रमशः पहले, दूसरे तथा तीसरे स्थान प्राप्त किया एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में पहले स्थान पर प्राची राजपूत 96 प्रतिशत, दूसरे स्थान पर निशा राजपूत 95.16 प्रतिशत व चांदनी साहू 91.16 प्रतिशत तीसरे स्थान पर रहीं।

## खबर संक्षेप

### कैट के अध्यक्ष किशोर, महामंत्री हीरानंद और आशीष बने कोषाध्यक्ष




**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया (कैट) के प्रादेशिक कार्यालय रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किशोर पंजवानी को पुनः बिलासपुर कैट का अध्यक्ष चुना गया है। वहीं हीरानंद जयसिंह को महामंत्री और आशीष अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाएं गए हैं। इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जितेंद्र दोषी, शंकर बजाज, अवनीत सिंह, राकेश ओछ्वानी, मोहन वल्यानी, विक्रांत राठौर, मनीष सोनी, कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी तथा प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा उपस्थित रहे। नवनियुक्त कैट बिलासपुर इकाई के पदाधिकारियों ने प्रादेशिक कार्यालय में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही वरिष्ठ सदस्यों के साथ चर्चा कर कैट बिलासपुर कार्यकारिणी घोषित की जाएगी।

### मनीष दत्त सम्मान से डॉ. रत्ना हुईं सम्मानित



**बिलासपुर ।** विख्यात रंगकर्मी मनीष दत्त की 85 वीं जयंती पर विकास नगर 27 खोली में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने डॉ. रत्ना मिश्रा को मनीष दत्त सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अटल विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य एडीएन बाजपेयी ने बताया कि स्व. मनीष दत्त का कलाजगत में किया गया योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि किसी शहर की पहचान उसकी कला-संस्कृति से होती है। काव्य भारती के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बाजपेयी ने बताया विगत 6 वर्षों से काव्य भारती द्वारा कला, संगीत, अभिनय, नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट जनो को दादा मनीष दत्त सम्मान दिया जा रहा है। वर्ष 2025 का सम्मान वरिष्ट गायिका डॉ. रत्ना मिश्रा को दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते कुलपति एवं छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक ने कहा ढाई हज़ार कविताओं को संगीतबद्ध करना मनीष दत्त की साधना के उत्कर्ष को स्पर्श करता है। कवियों की संवेदना को स्वर लिपि के आधार पर संगीतात्मक प्रस्तुति ही काव्य भारती को महत्वपूर्ण बनती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर के डॉ. आर के शर्मा, राजेन्द्र मौर्य, माधव चंद्राकर, डॉ. एस जितपुरे, चन्द्रशेखर बाजपेयी, राजीव नयन शर्मा, बीना यादव, महेंद्र टंडन, नीरज तिवारी, अभिनव दीक्षित, श्रीमती उर्मिला सिन्हा, डॉ. रश्मि बाजपेयी आदि उपस्थित थे।

### आरएसएस और समाचार पत्र वितरक संघ ने मनाई नारद जयंती



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रचार विभाग व समाचार पत्र वितरक संघ द्वारा बुधवार को राघवेन्द्र राव सभा भवन के प्रांगण में नारद जयंती मनाई गई। इस दौरान अतिथियों का स्वागत पुष्पहार और शाल देकर किया गया। सृष्टि के प्रथम पत्रकार नारद जी के संबंध में संघचालक डॉ. राजकुमार सचदेव ने अपने विचार रखें। समाचार वितरक संघ के अध्यक्ष भरत यादव ने समाचार वितरक व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया। संघ के वरिष्ठ सदस्य खोर बहरा देवांगन का पुष्पहार व शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप शर्मा, प्रफुल्ल शर्मा, गोवर्धन देवांगन, विनोद निर्मलकर, दिनेश मिश्रा, अजय सूर्यवंशी, कृष्ण गोपाल यादव, उत्कल प्रधान, नारायण गोस्वामी, हर्षवर्धन भोसले, पवन सोनी, प्रहलाद कोरी, नीरज पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समाचार पत्र वितरक संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### श्री गोपाल कामधेनु गौ सेवा धाम के सदस्यों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** श्री गोपाल कामधेनु गौ सेवा धाम के सदस्यों ने बुधवार को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनकी समिति पिछले 2 वर्षों से दुर्घटना में घायल गौ माता की सेवा बिना सरकारी अनुदान के निःस्वार्थ भावना से सेवा कार्य कर रही है। समिति के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कुठी घाट और तखतपुर गौ तस्करी का सबसे बड़ा केन्द्र हैं जहां अवैध रुप से तस्करी की जाती है। कार्रवाई के दौरान मस्तूरी से 16 अधिक तस्कर पकड़े गए हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई कोई कार्रवाई नहीं की है। जिला पशु चिकित्सालय के डॉक्टर और कर्मचारियों द्वारा समिति के सदस्यों से अभद्रता की जाती है, जिसकी शिकायत कई बार किया गया है। उसके बाद भी डॉक्टरों को हटाया नहीं गया है। उन्होंने तत्काल डॉक्टर को निलंबित करने का बात कही है।

### अनुपयोगी कंडम सामग्री की 26 को होगी नीलामी

**बिलासपुर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन विभाग के अंतर्गत जिले के शासकीय निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्रियों की नीलामी की कार्यवाही 26 मई को सवेरे 11 बजे कुदुदण्ड स्थित होमगार्ड में की जाएगी। निष्प्रयोजित घोषित कंडम समानों में होमगार्ड जवानों की वर्दी सामग्री जैसे पेन्ट, शर्ट, टोपी, जूता, कम्बल, दरी, बेल्ट, मोनो, बेल्ट, वेब, मच्छरदानी, बरसाती, किट बाक्स, ग्रेट कोट, जर्सी खाखी, अंगोला शर्ट, वॉटर-बाटल, एवं अन्य अनुपयोगी कंडम सामग्री भी शामिल है। सम्पूर्ण सामग्री एक ही लाट में नीलामी की जाएगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री देख सकते हैं। प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने से पहले 1 हजार रूपए की नगद प्रतिभूति राशि जमा करना होगा।



# रेलवे स्टेशन पर लहराया तिरंगा मुख्यालय भी सजाया गया

**बिलासपुर।** भारत पाक संघर्ष में सीजफायर के बाद रेलवे बोर्ड ने भी भारत की जीत पर सभी प्रमुख स्टेशनों के साथ जोन मुख्यालय में तिरंगा फहराने का आदेश जारी किया है, जिसके निर्देश पर बिलासपुर रेलवे स्टेशन के साथ जोन मुख्यालय में भी तिरंगा लहराना शुरु हो गया है।

- रंग-बिरंगे लाइटिंग बना आकर्षण का केंद्र

रेल मंत्रालय ने जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को सभी प्रमुख स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर, गोंदिया, नागपुर, दुर्ग व अन्य स्टेशनों पर तिरंगा फहराने और प्लेटफार्म पर लगे टीवी पर न्यूज लाइव दिखाने का आर्डर जारी कर दिया है। मंत्रालय के आदेश मिलने के बाद बुधवार को बिलासपुर रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर लगे टीवी के साथ जोन मुख्यालय में तिरंगा लहराने का काम किया गया है। इसके साथ ही जोन मुख्यालय की बाहरी दीवार पर रंग-बिरंगे लाइटिंग को तिरंगे की तरह लगाया गया है, जो रात में आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

#### उत्सव का माहौल

भारत ने आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। इस हमले में भारत की जीत होने के उपरांत सभी मेजर स्टेशन में उत्सव का माहौल है। बिलासपुर के साथ सक्ती, खरसिया, रायगढ़ व अन्य मेजर स्टेशन में तिरंगा लहरा रहा है। वहीं जीएम बिल्डिंग को भी सजाया गया है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### कंपनी ने उपकरण के लिए नहीं भेजा है सामान

# सिम्स ने मंगाए 18 लाख के दो फ्रीजर, 2 माह से बंद पड़ी है मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के मरच्यूरी में शवों को बेहतर तरीके से रखने के लिए प्रबंधन ने 18 लाख खर्च कर दो मशीने मंगाई है, लेकिन कंपनी ने केबल और अन्य उपकरण नहीं दिया है, इस कारण फ्रीजर काम नहीं कर रहा है। वहीं पुराने फ्रीजर कंडम हो चुके है, ऐसे में शवों को रखने में दिक्कत हो रही है। बताया जा रहा है कि गर्मी के दिनों में शव जल्द ही डिकंपोस्ट हो रही है, लेकिन प्रबंधन इस पर ध्यान नहीं दे पा रहा है।

- इंस्टालेशन नहीं होने से शवों को रखने में हो रही दिक्कत

अत्याधुनिक तकनीक से लैस 2 फ्रीजर सिम्स मरच्यूरी में रखे गए हैं, लेकिन यह किसी काम के नहीं है, यहां आने वाले शवों को कंडम फ्रीजर में रखने की नौबत आती है। इसके कंप्रेशर ठीक से काम नहीं कर रहे है, ढक्कन तक नहीं लग रहा है। ऐसे में शव को रखना काफी दिक्कत भरा है। कई बार परिजन इस संबंध में डाक्टर और मरच्यूरी स्टाफ से शिकायत कर चुके हैं, शवों से बदबू आने लगती है और शवों को मरच्यूरी में रखना सुरक्षित नहीं है। बताया जा रहा है कि नए फ्रीजर को लगाया गया है, उसे यहां रखे 2 माह हो चुके है, पहले यह खुले आसमान के नीचे रखे गए थे, लेकिन अब इसके कमरे में रख दिया गया है, लेकिन कंपनी की लापरवाही के चलते यह अब तक चालू नहीं हो सका है, जिसके चलते शवों को सिंगल फ्रीजर में रखने की जरूरत पड़ रही है।




इंस्टालेशन के इंतजार में रखा फ्रिजर।

#### कंपनी को पत्र लिखा गया है

अभी हाल ही में फ्रिजर मंगाई गई है, उसका आकार बड़ा है इसलिए बाहर रखा गया था, जिससे कंपनी ने ही अब कमरे में रख दिया है। उसे इंस्टालेशन किया जाना है। कंपनी को पत्र भेजा गया है, इस हफ्ते के बाद कंपनी आकर मशीन शुरू करेगी।

**डॉ. लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

#### 10 शव रखने की सुविधा

नए 2 फ्रीजर में एक साथ 10 शव रखने की सुविधा है। यह अत्यधिक कूलिंग सिस्टम से युक्त है। इसमें एक बड़े फ्रीजर में 6 रेख हैं, वहीं दूसरे में 4 रेख बने हुए है। इसके शुरू होने से अन्य कंडम फ्रीजर की मरम्मत कराई जा सकती है, लेकिन महीने भर से यह शुरू ही नहीं किया जा सकता है। अधिकारियों का कहना है कि कंपनी को इसकी सूचना दी गई है, लेकिन अबतक टेक्निशियन नहीं पहुंच सका है।

#### गर्मी के कारण डिकंपोस्ट

सिम्स में आने वाले शवों को सावधानी से मरच्यूरी में रखना होता है। विशेष स्ट्रेचर के साथ साफ और क्लीनिंग तरीके से फ्रीजर में रख दिया जाता है, लेकिन गर्मी के दिनों में कूलिंग सिस्टम सही नहीं होने से शव जल्द ही डिकंपोस्ट होते हैं, इसे बचाने के लिए कूलिंग बढ़ा कर रखा जाता है, लेकिन कंडम फ्रीजर के उपकरण खराब हो चुके हैं, ऐसे में उसमें शवों को रखना सुरक्षित नहीं है। नए फ्रीजर के शुरू होने से शवों को बेहतर तरीके से रखा जा सकेगा।

# सीयू को अब मिलेगी नई डिजिटल पहचान : चक्रवाल



वेबसाइट लांचिंग के अवसर पर उपस्थित कुलपति व अन्य।

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में बुधवार को शाम 4.30 बजे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल द्वारा विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट का लोकार्पण किया गया।
इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि यह अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय की डिजिटल पहचान को सशक्त बनाने और सभी उपयोगकर्ताओं के लिए इसे सुगम एवं समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय को इस लोकार्पण से नई डिजिटल पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में केन्द्रीय विश्वविद्यालय देश के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में शामिल होगा जो अपनी वेबसाइट को हिंदी डोमेन नेम जीजीवी.विद्या.भारत और गुरुघासीदासविवि.विद्या.भारत पर लॉन्च होगा। उन्होंने वेबसाइट को पूरी तरह दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाये जाने पर बधाई दी। इससे पूर्व आईटी सेल के समन्वयक प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने वेबसाइट से जुड़े विभिन्न बारीक पहलुओं पर जानकारी साझा की। वेबसाइट निर्माण में तकनीकी सहयोग विकास शर्मा ने किया। संचालन डॉ. अमित कुमार खासकलम ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रोहित राजा ने किया।

#### वेबसाइट की विशेषताएं

यह वेबसाइट सभी प्रकार के डिवाइसों (जैसे मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप और डेस्कटॉप) पर अनुकूलता से काम करती है। स्क्रीन रीडर सपोर्ट, टेक्स्ट साइज और कलर कंट्रास्ट बदलने की सुविधा, वॉइस सर्च सुविधा, दृष्टिबाधित उपयोगकर्ता के लिए टेक्सट टू स्पीच की सुविधा उपलब्ध है। हर पेज पर एक स्मार्ट सर्च फीचर दिया गया है, जिससे उपयोगकर्ता शीर्षक, तिथि या वर्ष के आधार पर आसानी से जानकारी खोज सकते हैं।

# बोरिंग मशीनों में जीपीएस सिस्टम, अब आरटीओ के पाले में, संचालक करेंगे रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बोरिंग मशीनों में जीपीएस सिस्टम लगवाने की जिम्मेदारी अब आरटीओ की होगी। मशीन संचालक मशीनों में खुद जीपीएस लगवाकर आरटीओ को रिपोर्ट करेंगे। जिले में बोर पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। बोर मशीन संचालकों को बस इसी आदेश का पालन करते हुए प्रशासन को सहयोग करना है।

- पीएचई ने दी तीस बोरिंग मशीनों की सूची

अवैध बोर खनन पर अंकुश लगाने व बोरिंग मशीनों की प्रत्येक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी करने के उद्देश्य से मशीनों में जीपीएस सिस्टम लगवाने की जिम्मेदारी अब आरटीओ को सौंपी गई है। पहले यह काम पीएचई टेक्निकल खंड को सौंपा गया था। पीएचई टेक्निकल खंड के कार्यपालन अभियंता रवि प्रकाश पटेल ने बुधवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर तीस बोरिंग मशीनों की सूची सौंपी व आगामी कार्यवाही के लिए मार्गदर्शन मांगा। कलेक्टर द्वारा इस कार्य की जिम्मेंदारी आरटीओ को सौंपते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए व उक्त सूची के अंतर्गत सभी बोर मशीनों में जल्द से जल्द जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं।



#### पीएचई विभाग में पंजीकृत होते ही नहीं वाहन

पीएचई विभाग के कार्यपालन अधिकारी हर्ष कवीर ने जिले में 40 बोरिंग मशीनों के पंजीकृत होने की जानकारी दी थी। इसके विपरीत पीएचई टेक्निकल सेक्शन के अनुसार विभाग में बोरिंग मशीनों का किसी भी तरह का पंजीयन नहीं होता। यहां सिर्फ मशीनों का वेरीफिकेशन किया जाता है। जिले में चार फर्मों की सिर्फ पांच बोरिंग मशीनें ही हैं, जिनके वेरीफिकेशन किए गए हैं। जिले में काम कर रही अन्य मशीनें पड़ोसी जिलों की हैं।

#### मिली है सूची

पीएचई से 30 बोर मशीनों की सूची प्राप्त हुई है, जिनमें कलेक्टर के निर्देशानुसार जीपीएस सिस्टम लगवाना है।

**आनंदरूप तिवारी**, आरटीओ बिलासपुर

#### जैसे-तैसे आ जाएगा बारिश का मौसम

जिले में मानसून का आगमन औसतन 16 जून तक हो जाता है। ऐसे में बारिश को अब एक महीने ही शेष हैं। वर्तमान में जिले में पानी की भीषण समस्या को ध्यान में रखकर तत्कालीन कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा बोर खनन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया था। इसी तरह वर्तमान कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा अवैध बोर खनन पर अंकुश लगाने सभी बोरिंग मशीनों में जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर को यह निर्देश जारी किए करीब एक सप्ताह हो चुके हैं, लेकिन यह मामला अभी प्रक्रिया में ही है। कहीं ऐसा न हो कि विभाग-विभाग करते-करते बोरिंग मशीनों में जीपीएस लगाने के काम में इतना विलंब हो जाए कि तब तक बारिश का मौसम ही आ जाए।

# धूमधाम से मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती, गेंड़ी नृत्य रहेगा आकर्षण का केंद्र



बैठक में उपस्थित समाज के पदाधिकारी।

**बिलासपुर।** सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज की बुधवार को बल्ले-बल्ले रेस्टोरेंट में एक बैठक हुई। इसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाराणा प्रताप जयंती को भव्य ढ़ंग से मनाने तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में बनाई गई रूपरेखा के अनुसार 29 मई महाराणा प्रताप जयंती के दिन सुबह 9 बजे महाराणा प्रताप चौक में माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद शरबत का वितरण किया जाएगा। शाम 4 बजे से बाजे-गाजे व आकर्षक झांकी के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि गवर्मेंट स्कूल से निकल कर शहर भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर तिलक नगर पहुंचेगी। इस दौरान गेंड़ी नृत्य सहित आकर्षक झांकियां आकर्षण की केंद्र रहेंगी। बैठक में राजपूत रेजीमेंट के साथ ही सोशल मीडिया में आयोजन का अधिक से अधिक प्रचार करने पर भी चर्चा की गई। जयंती पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह उपस्थित सदस्यों से किया गया। इस मौके पर समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य भारी संख्या में उपस्थित थे। अंत में सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रियंक सिंह परिहार को समाज का अध्यक्ष नियुक्त किया।

**आज से चलेगा संपर्क अभियान:** महाराणा प्रताप शोभायात्रा की सफलता हेतु गुरुवार 15 मई से संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत राजपूत समाज के प्रतिनिधि स्व-जातीय बंधुओं से संपर्क करने गुरुवार को शाम साढ़े चार बजे से देवकीनंदन चौक से निकलेंगे एवं गांव-गांव जाकर जयंती पर्व को भव्य बनाने एकजुट होने का आग्रह करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जुटाना है।

### योजना सांख्यिकी विभाग ने मांगा मार्गदर्शन

# विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों में भी होगी जीएसटी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों के भुगतान में भी अब दो प्रतिशत जीएसटी की कटौती की जाएगी। बीते वित्तीय वर्ष तक इस निधि से होने वाले कार्यों के भुगतान में कोई जीएसटी कटौती नहीं की जाती थी, लेकिन अब वित्त विभाग द्वारा इसमें भी दो प्रतिशत की कटौती का प्रावधान किया गया है। इस संबंध में जिला योजना और सांख्यिकीय विभाग द्वारा शासन से मार्गदर्शन मांगा गया है।

विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को करने वाली कार्य एजेंसियों को अब विधायक द्वारा घोषित व स्वीकृत से दो प्रतिशत कम ही राशि प्राप्त होगी। वित्त विभाग के अपडेटेड साफ्टवेयर में विधायक निधि से होने वाले कार्यों में भी दो प्रतिशत जीएसटी काटने का प्रावधान रखा गया है। साफ्टवेयर की मानें तो इसके अनुसार वेतन के भुगतान में भी दो प्रतिशत की कटौती हो जाएगी। विधायक निधि में ज्यादातर कार्य निर्माण से संबंधित होते हैं, जिससे इसे निर्माण का मद माना जाता है। इसी मद से कुछ कर्मचारियों को वेतन का भुगतान भी किया जाता है। दिक्कत यह है कि इस मद से जारी होने कुछ वाली राशि भले ही कर्मचारी के वेतन के रूप में जारी हो रही है, लेकिन वित्त विभाग इसे निर्माण मद से ही भुगतान होना मानेगा, जिससे वेतन भुगतान में जारी राशि से भी दो प्रतिशत की कटौती कर दी जाएगी, जो संबंधित कर्मचारी के लिए न्यायसंगत नहीं होगा।

इधर उक्त आदेश के आने के बाद विधायक निधि की राशि से काम कराने वाली एजेंसी को भी दो प्रतिशत राशि कम प्राप्त होगी। ऐसी हालत में विधायक द्वारा घोषित राशि कुछ और लेकिन कार्य एजेंसी को प्राप्त राशि कुछ और हो जाएगी। जिला योजना सांख्यिकीय विभाग की गाईडलाईन के अनुसार प्रशासनिक मद में सिर्फ एक प्रतिशत की कटौती की जा सकती है, लेकिन दो प्रतिशत कटौती का प्रावधान ही नहीं है। ऐसे में विभाग में फिलहाल भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई है, जिसे स्पष्ट किए जाने की जरूरत है।

#### नहीं हुआ नए वित्तीय वर्ष में कोई भुगतान

वित्त विभाग के इस आदेश के बाद जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग ने नए वित्तीय वर्ष में एक भी बिल भुगतान के लिए ट्रेजरी को नहीं भेजा है। पहले जीएसटी कटौती के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त कर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। इसके बाद ही कार्य एजेंसियों को भुगतान किया जाएगा।

#### मार्गदर्शन मांगा गया है

वित्त विभाग के अपडेटेड साफ्टवेयर में जीएसटी कटौती का उल्लेख है, जिससे वेतन भुगतान में भी कटौती हो जाएगी। ऐसे में भ्रम की स्थिति निर्मित हो रही है। नए वित्तीय वर्ष में अभी कोई भुगतान भी नहीं किया गया है। शासन से मार्गदर्शन प्राप्त करने के बाद ही कोई स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**एमके नेताम**, उप संचालक
जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

# 150 स्टैक धान नीलाम 550 स्टैक फिर जाम

**बिलासपुर।** संग्रहण केंद्रों में रखे गए 7 सौ स्टैक धान की नीलामी 13 मई को आयोजित की गई थी, लेकिन फंड की कमी के चलते राईस मिलर्स द्वारा सिर्फ 150 स्टैक धान की ही खरीदी की जा सकी। शेष 550 स्टैक धान की नीलामी के लिए अब फिर आगामी तिथि जारी की जाएगी।

संग्रहण केंद्रों में जाम 8 लाख 40 हजार क्विंटल धान की नीलामी के लिए 13 मई की तिथि घोषित की गई थी, लेकिन उक्त तिथि को केवल 150 स्टैक धान की ही नीलामी हो सकी। बीते दिनों कलेक्टोरेट में आयोजित राईस मिलर्स की बैठक में मिलर्स द्वारा अपनी आर्थिक समस्या के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया गया था, जिसके समाधान के लिए शासन स्तर पर चर्चा करने की बात कलेक्टर द्वारा कही गई थी।



इधर नीलामी के दिन तक शासन स्तर पर किसी तरह का कोई सकारात्मक जवाब नहीं आने के कारण मिलर्स द्वारा मिलर्स द्वारा नीलामी में हिस्सा तो लिया गया, लेकिन फंड की कमी के कारण सिर्फ 150 स्टैक धान की ही नीलामी हो सकी। ऐसी स्थिति में जिले के चार संग्रहण केंद्रों में नीलामी के लिए शेष 550 स्टैक धान को अब नीलामी की नई तिथि का इंतजार रहेगा। तब तक धान उठाव के इंतजार में संग्रहण केंद्रों में ही जाम रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट में फिर से शुरू होगा जनदर्शन

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले के आम नागरिकों के मांगों एवं समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त होकर गांव पहुंचे सैनिक का भव्य स्वागत



**मुंगेली।** भारतीय थल सेना में 17 वर्ष देश की सेवा करने के पश्चात जवान ललित कुमार साहू पिता दानी राम साहू सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम भर्राकुंडा करही पहुंचे। इस अवसर पर परिवारजन व ग्रामवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। 17 वर्ष के सेवाकाल में इन्होंने अपनी सेवा जम्मू कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, फिरोजपुर, पठानकोट जैसे स्थानों पर दी।

### साकत पनिका समाज का सामूहिक विवाह आज

**लोरमी।** वनांचल के ग्राम अचानकमार में 15 मई को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक साकत पनिका समाज के द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेल का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साकत पनिका समाज के प्रदेश अध्यक्ष वंशधारी सावरा रहेंगे एवं अध्यक्षता की अध्यक्षता साकत पनिका समाज संरक्षक डॉ जेआर साकत करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में दशरथ साकत, घनश्याम सोनवानी, साधुराम कोठारी, टीकादास मरावी,शिव मोंगरे अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष थानुराम बघेल ने दी है।

### सेमरसल में समाधान शिविर आज

**लोरमी।** ग्राम सेमरसल के सिद्ध मुनीबाबा मेला मैदान में 15 मई को दोपहर 12 बजे से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आमजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का शासन स्तर पर समाधान किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों से मिलकर योजनाओं का फीडबैक भी लिया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत सेमरसल, खेकतरा, कुम्हरौली, मोहतराकुर्मी, तेलियापुरान, मसना, हरनाचाका, देवरहट, औराबाधा, बांधा, बोईरपारा, पीपरखुटा, गंजी, हडगांव पीपरखुटी शामिल हैं।

### कुत्ते से जा टकराया ऑटो रिक्शा, एक की मौत

**कोरबा।** बालको से रेलवे स्टेशन सवारी लेकर जा रही एक ऑटो रिक्शा के सामने जब अचानक एक कुत्ता आ गया तो उसे बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे ऑटो में सवार तीन लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया जिसमें से एक युवक की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभांठा बालको निवासी लाल यादव 50 वर्ष पिता मौलाना यादव ऑटो रिक्शा में सवार होकर बालको से रेलवे स्टेशन जा रहा था।

### 1917 में हुई थी स्वीकृत, अब तक शुरू नहीं हुआ निर्माण

# सपना बनकर रह गई उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा रेल लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



अंग्रेजों के जमाने में 11 दशक पूर्व स्वीकृत उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा रेल लाइन सपना बनकर रह गया है। रेल लाइन 1917 में स्वीकृत हुई थी, जिसके लिए जमीन का अधिग्रहण भी किया गया था। किन्तु इस दिशा में आगे की कार्यवाही नहीं होने से नागरिकों में निराशा बनी हुई है।

जिले को मिलने वाली सौगात जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते ठंडे बस्ते में चली जाती है एवं अनेक घोषणाएं केवल कागजों पर सिमट जाती है। दो-दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बाद भी जिला अस्पताल में सिटी स्केन मशीन का लाभ क्षेत्र की जनता को नहीं मिल पाया। इसी तरह क्रिटिकल केयर यूनिट, हमर लैब, ऑडिटोरियम, चौपाटी, आगर नदी का सौंदर्यीकरण, नेशनल हाईवे पर स्वीकृत बाईपास सड़क निर्माण सहित अनेक घोषणाएं कार्य के रूप में परिणित नहीं हो पा रही हैं। जनप्रतिनिधियों की उदासीनता कहें या अधिकारियों की लापरवाही, जिले का समुचित विकास धरातल पर दृष्टिगोचर नहीं हो पाता है। उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाइन की मांग वर्षों पुरानी है। उस्लापुर से तखतपुर मुंगेली होते हुए जबलपुर से मंडला तक के लिए रेल लाइन 1917 में अंग्रेजों के समय ही स्वीकृत कर लिया गया था, जिसके लिये जमीन का अधिग्रहण भी किया गया था। बल्कि इसके लिए जो जमीनें चिन्हांकित की गई थीं, उस पर भी कब्जा हो गया। इसके पश्चात इस रेल लाइन के लिए फिर से कोशिश शुरू हुई। जिले का हक नगरवासियों को देर सबेर मिल भी गया, परन्तु रेल व बायपास सड़क का सपना घोषणा के बाद अब तक पूरी नहीं हो पाई। उसलापुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ नई रेल लाइन क्षेत्र के करोड़ों लोगों का जीवन बदल देगी, लेकिन विडंबना है कि घोषणा के 9 साल बाद भी इस पर काम शुरू तक नहीं हो सका। नई रेल लाईन में तखतपुर, मुंगेली, लोरमी, पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, छुईखदान, डांडीलोहारा, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ सहित दर्जनभर विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यानी इन क्षेत्रों की जनता को इसका सीधा लाभ मिलेगा, इस लिहाज से यह राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

इसके बावजूद इसे शुरू करवाने में राजनीतिक इच्छा शक्ति का अभाव देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ रेलवे कॉपोरेशन लिमिटेड ने 270 किमी रेल लाइन का सर्वे वर्षों पहले पूरा कर लिया था। रेल बजट में वर्ष 2016 में रेल लाइन निर्माण की घोषणा के साथ ही इस पर करीब 5950.47 करोड़ रुपए का बजट भी अनुमानित किया गया था। इसके पश्चात वर्ष 2024-25 में प्रदेश के बजट में 300 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया था। जनप्रतिनिधियों की निषक्रियता के चलते न तो जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हुआ, न ही रेल लाइन बिछ सकी।

इस रेल लाइन से दर्जनभर विधानसभा क्षेत्र के लोग लाभान्वित होते। रेल बजट में वर्ष 2016 में रेल लाइन निर्माण की घोषणा की गई, इससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई थी। लोगों ने खुले दिल से इस घोषणा का स्वागत किया था। साथ ही उम्मीद जताई थी, कि अब जल्द ही उन्हें यह सौगात मिल सकेगी। रेल मंत्रालय और राज्य शासन ने मिलकर इसके लिए छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड भी बनाया। लेकिन विडंबना है कि 9 साल बाद भी करीब 270 किमी रेल लाइन का अधिग्रहण नहीं हो पाया। शासन ने वर्ष 2023 तक इस रूट पर ट्रेन चलवाने के दावे किए थे, लेकिन अब तक शिलान्यास के अलावा कुछ नहीं हो सका। क्षेत्र के करोड़ों लोगों को इस रूट पर ट्रेनों के परिचालन का इंतजार है।

## ओखर में आज जनता की समस्याओं का निराकरण करेंगे सीएम साय



**मल्हार।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का ग्राम ओखर में आगमन प्रस्तावित.. सुशासन तिहार को लेकर आमजन में उत्साह, मल्हार। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 मई की दोपहर 12 बजे ग्राम ओखर में सुशासन तिहार समाधान तिहार 2025 के अंतर्गत जनसमूह को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। आयोजन स्थल पर व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मंच पर मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश, जिला व मंडल स्तर के भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ समिति के सदस्य तथा भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करेंगे, लाभार्थियों से संवाद करेंगे तथा स्थानीय मुद्दों पर त्वरित निर्देश देने की संभावना है। साथ ही, ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंगे इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।यह कार्यक्रम न केवल एक राजनीतिक पहल है बल्कि जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का सार्थक प्रयास भी है।

### अंबिका खदान के ओसीपी में ओबी रिमूवल कार्य शुरू

**कोरबा।** पाली के ग्राम करतली स्थित एसईसीएल की अंबिका परियोजना से विगत कई वर्षों के निरंतर सामूहिक प्रयास के बाद आखिरकार अब उत्खनन कार्य शुरू कर दिया गया है। खदान में ओसीपी में ओबी रिमूव्हल (मिट्टी उत्खनन) का कार्य किया जा रहा है, जिससे जल्द से जल्द फेस का निर्माण किया जा सके और कोयला उत्खनन की प्रक्रिया शुरू की जा सके। अंबिका कोयला खदान जिले के पाली विकासखंड के ग्राम करतली में स्थित है।

## अग्रसेन कॉलेज में कैरियर गाइडेंस व मार्गदर्शन कार्यक्रम



**बिल्हा।** अग्रसेन महाविद्यालय की कैरियर गाइडेंस एवं रोजगार प्रकोष्ठ की ओर से एक दिवसीय कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो डॉ सावित्री त्रिपाठी के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर के प्रतिष्ठित संस्थान करियर पॉवर के शिक्षाविद एवं विषय विशेषज्ञ निखिल डांगे उपस्थित थे। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं, चयन प्रक्रिया, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और तैयारी की रणनीतियों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उनका विशेष फोकस 10वीं पास से लेकर स्नातक स्तर तक के छात्रों के लिए उपलब्ध अवसरों पर रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो रूपेन्द्र साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापक प्रो डी मिंज, प्रो एसके अग्रवाल, प्रो एम आगर, प्रो संजय भजनकर, प्रो करुणा गायकवाड, प्रो विजय शंकर पात्रे, प्रो गेंदलाल बंजारे, प्रो प्रथा शर्मा, प्रो आशीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने विषय में रुचि दिखाते हुए प्रश्न पूछे और उत्साहपूर्वक भागीदारी की। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें अपने भविष्य की योजना बनाने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## शिव महापुराण महोत्सव में बताई गई शिव चरित्र की कथा



**मस्तूरी।** लटेश्वरनाथ की पावन धरा किरारी में आयोजित शिव महापुराण महोत्सव के चौथे दिन की कथा में आचार्य कथावाचक संदीप मिश्रा वृन्दावन धाम ने कुबेर प्रसंग, सती प्रसंग की कथा का श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि शंकर भगवान एक अवधूत महादेव हैं, जो सबका कल्याण करने वाले हैं। भगवान शिव का चरित्र हमें सत्य और शांति का मार्ग बतलाता हैं। शिव महापुराण कथा सुनने के लिए मस्तूरी, किरारी सहित आसपास के श्रद्धालु सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहते हैं। आयोजन समिति की ओर से भोजन महाप्रसादी की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें सैकड़ो की संख्या मे श्रद्धालुजन प्रसाद ग्रहण कर रहें हैं। मुख्य यजमान के रूप मे ठाकुर तमेश सिंह एवं उनकी धर्मपत्नि प्रतिमा सिंह सरपंच ग्राम पंचायत किरारी एवं ग्रामीणों द्वारा प्रतिदिन सुबह 10 बजे से पार्थिव शिवलिंग का विधिवत पूजन-अभिषेक किया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ठाकुर नितेश सिंह उपाध्यक्ष, जपं मस्तूरी, ठाकुर टुकेश सिंह, ठाकुर राहुल सिंह, ठाकुर फेकू सिंह, बबला सिंह, बाबा सिंह, दीपक सिंह, बलवंत सिंह, संतोष सिंह, रामफल साहू, गोपाल साहू, राधे साहू, विजय साहू, डॉ शिवकुमार साहू, चंद्रकांत सिंह, किशोर राठौर, संतोष राठौर, एवं ग्राम किरारी के समस्त श्रद्धालु जुटे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कुटिया मंदिर में यज्ञ



**बिल्हा।** हनुमान चालीसा समिति कुटिया मंदिर बिल्हा के संरक्षक डॉक्टर आरसी अग्रवाल के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मंदिर प्रांगण में यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें वैदिक मंत्रो के साथ आतंकवाद स्वाहा, पाकिस्तान स्वाहा, बांग्लादेश स्वाहा की आहुति दी गई। साथ ही भारत माता की जय, तिरंगे झंडे की जय, वंदे मातरम जैसे नारों के साथ राष्ट्रभक्ति गीतों का गायन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। विपरीत परिस्थितियों में हिंदुस्तान के समस्त नागरिकों ने एकता व राष्ट्रभक्ति का जो परिचय दिया उन्हें भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यज्ञ में आहुति देने वालों मे वंदना जेंडरे अध्यक्ष नगर पंचायत, पुनीता दहरिया पूर्व अध्यक्ष, मोहन डोरिया पार्षद, कैलाश शर्मा, सुखी देवांगन, राजकुमार मानिकपुरी, दिलीप गुप्ता, हरीश महाराज, नवीन बिंदल, मोहन नागलिया, राकेश नागलिया, शिवम नौबतका, कन्हैया व मोनू नौबतका, श्रवण गुप्ता, वकील रागनी दहरिया, महेश मखीजा, पुरण सोनी, यशवंत कुशवाहा, इंद्रा गुप्ता, गौरव गुप्ता, आदित्य सोनी, मंत्री लाल, सुरेंद्र अग्रवाल, पत्रकार कमल गर्ग, विनोद वर्मा, यश जेशवानी प्रमुख रहे। साथ ही यथा शीघ्र तिरंगा यात्रा निकालने की भी घोषणा की गई।

## भाई-बहनों ने किक बाक्सिंग में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



नगर के तीन सगे भाई बहन ने राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप मे फिर एक बार जीता गोल्ड मेडल लेकर अपनी धमक बरकरार रखा।

गत 12 और 13 मई दो दिवासिये राज्य स्तरीय किक बॉक्सिं चैंपियनशिप का आयोजन कोरबा मे किया गया था जिसमे मल्हार के तीन सगे भाई बहन शानदार अपना जोहर दिखाते हुए गोल्ड मेडल जीत कर नगर का नाम रोशन किया है साथ ही ये तीनो नेशनल प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए चयन भी हुए है। अब ये तीनो नेशनल प्रतियोगीता में भाग लेने के लिए गोवा जायेंगे। प्रतियोगिता में गोपाल प्रसाद लोहार ने शानदार बिप्पन लाठी चलाया और गोल्ड मेडल अपने नाम किया साथ ही फाइट मे सिल्वर मेडल अपने नाम किया। परमेश्वरी कुमारी लोहार ने फाइट मे गोल्ड मेडल और हरिओम प्रसाद लोहार ने फाइट मे सिल्वर मेडल अपने नाम किया। ये तीनो भाई बहन विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहले भी कई बार गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।

## फौव्वारा नहीं, पानी टपक रहा मिस्टिंग मशीन से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिए स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक पर मिस्टिंग मशीन तो लगा दी है, लेकिन उसमें फौव्वारे के स्थान पर पानी टपक रहा है। इससे प्लेटफार्म पर गंदगी पसरने से सफाई कर्मचारी को बार-बार सफाई करना पड़ रहा है। वहीं यात्रियों के सामान भी पानी की वजह से खराब हो रहे हैं।

- बार-बार साफ करना कर्मचारी की मजबूरी

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पहले मुम्बई से हावड़ा की ओर जाने वाली सारी ट्रेनों के अलावा उत्कल, अमरकंटक, सारनाथ सहित 40 से अधिक ट्रेनें प्लेटफार्म नम्बर एक पर रुकती थीं। इसके कारण दूसरे प्लेटफार्म की तुलना में यात्रियों की सबसे अधिक भीड़ प्लेटफार्म नम्बर एक पर होती थी। इस प्लेटफार्म पर मुख्य गेट के साथ आरक्षण और अनारक्षित टिकिट काउंटर के अलावा यात्री प्रतिक्षालय व अन्य सारी सुविधाएं यात्रियों को दी गई थी। यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण रेल अफसरों का भी ज्यादा ध्यान प्लेटफार्म नम्बर एक पर रहता था। इस दौरान भीषण गर्मी में यात्रियों को राहत देने के लिए शेड के नीचे पंखे लगाए गए थे, लेकिन दोपहर की तेज धूप और शेड गरम होने की वजह से पंखे चलने से गरम हवा फेंकने के कारण यात्रियों का भी खड़ा होना मुश्किल हो रहा था। इसे देखते हुए प्लेटफार्म नम्बर एक पर 100 मीटर यानि आरपीएफ पोस्ट के सामने से लेकर वीआईपी गेट 100 मीटर तक मिस्टिंग मशीन लगाई गई। इस मशीन से निकलने वाले फौव्वारे से यात्रियों को राहत मिलने लगी। मशीन से फौव्वारे को भी केवल ट्रेन के प्लेटफार्म पर स्टापेज के दौरान ही चालू किया जाता था। यह मशीन केवल दो माह के लिए ही यात्रियों को राहत देती थी। पिछले कुछ दिनों से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। गर्मी में रेल प्रशासन यात्रियों को ओआरएस का पैकेट तो बांटने के बाद मिस्टिंग मशीन का मेंटनेंस और मरम्मत करने के बाद फौव्वारा भी शुरु कर दिया है। मशीन से फौव्वारा कम और पानी ज्यादा टपक रहा है, जिसकी वजह से यात्रियों के सामान भी खराब हो रहे हैं। वहीं प्लेटफार्म पर फौव्वारे के स्थान पर पानी गिरने की वजह से सफाई कर्मचारी को बार-बार सफाई करना पड़ रहा है। जानकारी होने के बाद भी संबंधित विभाग मशीन से निकलने वाले पानी को बंद कर फौव्वारा निकालने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### विभाग को सूचना

मिस्टिंग मशीन को यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया गया है, ताकि भीषण गर्मी और गरम शेड के नीचे खड़े होकर यात्रियों को मशीन से निकलने वाले फौव्वारे से राहत मिल सके। फौव्वारे के स्थान पर अगर जगह-जगह पानी गिर रहा है तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को दी जाएगी।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## विजयपुर मंडल के पदाधिकारी कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा



**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर कोर ग्रुप के निर्णय अनुसार भाजपा बिलासपुर शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर की सहमति से भाजपा विजयपुर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू ने विजयपुर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की घोषणा की। इसके तहत उपाध्यक्ष रामनाथ निर्मलकर, सुंदरलाल ध्रुव, संजय साकेत, ममता त्रिपाठी महामंत्री, कामता कुलमित्र एवं महामंत्री देवेन्द्र कश्यप, मंत्री पूर्णिमा मिरी, जागेश्वरी साहू, ज्वाला सिंह यादव, रमेश्वरी राजपूत, कोषाध्यक्ष धनेश्वर जायसवाल को नियुक्त किया गया। साथ ही मंडल कार्यसमिति सदस्य के रूप में संतोष कश्यप, दिनेश गौरहा, रामाधार साहू, ईतवारी पाल को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अशोक कौशिक, प्यारेलाल जायसवाल, शिवकुमार यादव, सुशीला कौशिक, डॉ एकांत मजूमदार, रामायण सिंह राजपूत, जगदीश सिंह, शंकर साहू, उत्तरा कश्यप, गोकुल सिंह राजपुत, प्रवीण साहू, प्रमोद शर्मा, मोती रजक, सूरज डड़सेना, रीना रानी मजूमदार, ललिता कश्यप, अंजू सिंह गौतम, अनिता पोर्ते, रामलाल साहू, डॉ कुमार बंजारे, रूखसार निशा, गोपाल कौशिक, मंजू कश्यप, शीतला कश्यप, गिरजा द्विवेदी, ईश्वरी साहू, राहुल शुक्ला, नंदनी मरावी, रेखा टोन्डे, उत्तम श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## निधन

### श्रीमती उषा पिंपलीकर



**बिलासपुर।** अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट निवासी श्रीमती उषा पिंपलीकर का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 मई को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोज, समीर व शैलेश की मां थीं।

### सावित्री बाई क्षत्री



**तखतपुर।** ग्राम तेलियापुरान निवासी सावित्री बाई क्षत्री 70 वर्ष का 12 मई को निधन हो गया। वे सुखदेव सिंह क्षत्री की सास, अमित, निशा एवं कंजबिहारी की नानी थीं। इनका अंतिम संस्कार ग्राम बहुरता में किया गया।


**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लक्ष्मीन पति जागेवा, जाति-कुर्मी के विधिक वारिसानों के स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि मौजा बिलासपुर, प.ह.नं. 36, रा.नि.मं. जुना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 746 रकबा 1.11 एकड़ भूमि सहित अन्य भूमि स्थित है, उपरोक्त भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में फर्जी व कूटरचित ढंग से रंजना तिवारी एवं सृष्टि तिवारी पति ६ पिता स्व. अरविंद तिवारी के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि का पंजीयन बैनामा या अंतरण के कोई भी अभिलेख मेरे पक्षकार या उनके विधिक वारिसानों के द्वारा कभी भी किसी भी प्रकार से किसी भी अन्य व्यक्ति सहित रंजना तिवारी, सृष्टि तिवारी या अरविंद तिवारी या किसी भी अन्य व्यक्ति को निष्पादित नहीं की गई है और न ही कोई ऐसा अभिलेख मेरे पक्षकार या उनके विधिक वारिसानों द्वारा भूमि के स्वत्व एवं आधिपत्य के संदर्भ में संधारित किया गया है। उपरोक्त भूमि का भौतिक आधिपत्य खुली भूमि होने के कारण मेरे पक्षकारों का निरंतर व लगातार है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारों के स्वत्व एवं आधिपत्य के भूमि का किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय या अंतरण किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य के द्वारा न किया जावे अन्यथा उपरोक्त सौदे से किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई स्वत्व व आधिपत्य प्राप्त नहीं होवेगा। मेरा पक्षकार उपरोक्त किसी भी प्रकार की अविधिपूर्ण कृत्य के विरूद्ध स्वयं का व्यवहार न्यायालय, अपराधिक संबंधी कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसकी समस्त हर्जे-खर्चे व नुकसानी की जिम्मेदारी संबंधित पक्षकार की होगी।

सो सूचना जाने......

भवदीय
(जे.के देवांगन)
अधिवक्ता

न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना
जिला-मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र......क्र. 121/2025
क्रमांक/40/वाचक/तह.2025,
लालपुर थाना दिनांक 02.05.25

सर्वसाधारण/आम जनता ग्राम लछनपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनकराम पिता/पति श्री अर्जुनलाल जाति तेली साकिन लछनपुर तहसील लालपुर थाना जिला- मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता /माता/पुत्री/पुत्र /दादा/दादी/भाई/बहन अर्जुनलाल आ.श्री रामसहाय के मृत्यु दिनांक 20.02.2014 ग्राम लछनपुर को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 16.05.25 समय प्रातः 11.00 बजे दिन को स्वयं/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
लालपुर थाना, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**आम सूचना**
(नाम परिवर्तन कराने बाबत्)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर-6.998 8248 7372 पर हिन्दी अक्षरों में मेरा नाम - मोहम्मद तौकीर तथा अंग्रेजी अक्षरों में MOHAMMAD TOUKEER पिता श्री अब्दुल सलीम अक्षरों में ABDUL SALEEM अंकित है, जो कि सत्य व सही है। तथा मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्रों पर मेरे नाम का स्पेलिंग MOHAMMAD TAUKIR पिता ABDUL SALIM.... अंकित है। जो कि दोनों अंग्रेजी अक्षरों के नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरा व मेरे पिता जी का ही है। जिसमें से मैं अपने आधार कार्ड में दर्ज अंग्रेजी अक्षरों के नाम ..MOHAMMAD TOUKEER पिता ABDUL SALEEM व पता- वार्ड नंबर-26/303, हटरी चौक, किला वार्ड, जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आधार पर अपने स्वयं के नाम से पासपोर्ट बनवाना चाहता हूँ। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ निकाय/ बैंक एवं शासकीय व अर्द्धशासकीय को मेरे व मेरे पिता जी के उक्त दोनों नाम के स्पेलिंग के संबंध में कोई भी आपत्ति हो तो इस नाम परिवर्तन आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपना आपत्ति नीचे दिये गये पते पर प्रेषित कर अवगत करावें।

सो सूचना जानें।
दिनांक / /
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
(मोहम्मद तौकीर)
पिता श्री अब्दुल सलीम, पता-हटरी चौक, जूना बिलासपुर
किलावार्ड, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9179102713

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सकरी, जिला बिलासपुर
**ईश्तहार**
ग्राम- घुरु तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक दाऊलाल यादव पिता बाबुलाल यादव निवासी घुरु तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने प्रेम बाई यादव पति बाबुलाल की मृत्यु स्थान घुरू में दिनांक 21/11/2011 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत/नगर पालिक निगम बिलासपुर को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 28/05/25 को अपना आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील सकरी

न्यायालय कार्यपालिक दंडाधिकारी
तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र./ब-121/24-25
ग्राम- सल्हैया प.ह.न. 55
आजूराम बनाम छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि आवेदक आजूराम पिता ननकुसिया जाति ठाकुर निवासी ग्राम लोरमी तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. के ग्राम-सल्हैया प.ह.न. 55 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर के द्वारा अपनी बहन रम्हला बाई पिता ननकुसिया का मृत्यु दिनांक 05/08/2014 को हुआ है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध मे मेरे न्यायालय में दिनांक 22/05/2025 को स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। दावा अपत्ति नही होने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालन दण्डाअधिकारी तखतपुर

न्यायालय तहसीलदार सकरी
तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
प्र.क्र. 1053
**ईश्तहार**
क्रमांक/ /क्र./वा./तह.2024
सकरी, दिनांक 8/5/1025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका चित्ररेखा यादव पिता /पति नरोत्तम प्रसाद निवासी चोरभट्ठीकला तह. सकरी, जिला-बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम उस्लापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. सकरी व तहसील सकरी जिला-बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा.नं. 282/25 में से...रकबा 0.0160 हे. का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था का कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 29/5/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 8/5/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
सकरी

न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ:-जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CG-2024-25-118-1-6734
**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी Ashutosh Kaushik पिता/पति-Shyam Kartik Kaushik पता-Bilaspur, Mohan Kumar Agarwal पिता/पति-Sita Ram Agrawal पता-Bilaspur, परदेशी पिता/पति-सारधा राम पता-बिलासपुर, बहुरा बाई पिता/पति-गिरधारी लाल पता-बिलासपुर, बिहारी उर्फ़ बनवाली पिता/पति-सारधा राम पता-बिलासपुर, श्याम कार्तिक पिता/पति-गिरधारी लाल पता-बिलासपुर, शैला बाई पिता/पति-गिरधारी लाल पता- बिलासपुर, शांति बाई पिता/पति - गिरधारी लाल पता- बिलासपुर, संतोषी पिता/पति-गिरधारी लाल पता-बिलासपुर, सुधीर पिता/पति-गिरधारी लाल पता-बिलासपुर, सुरेश कुमार पिता/पति-गिरधारी लाल पता-बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 783/5(0.0122), 783/5 (0.0122 ) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता चंद्रशेखर अग्रवाल पिता/पति-एम के अग्रवाल पता-बिलासपुर, जितेन्द्र अग्रवाल पिता/पति - एम के अग्रवाल पता- बिलासपुर विकास कुमार अग्रवाल पिता/पति - एम के अग्रवाल पता-बिलासपुर, संजय अग्रवाल पिता/पति-एम के अग्रवाल पता-बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/04/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
Neha Vishwakarma
Tahsil- Bilaspur


सुशासन तिहार 2025
संवाद से समाधान तक
माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का
ग्राम पंचायत ओखर में भाजपा मंडल मल्हार
हार्दिक स्वागत अभिनंदन करती है...
रंजित सिंह ठाकुर
अध्यक्ष-मल्हार मंडल
विवेक त्रिपाठी
अध्यक्ष-मस्तूरी मंडल
रवि बरगाह
अध्यक्ष-देवरीखुर्द मंडल
दीपक शर्मा
अध्यक्ष-सीपत मंडल
विरेन्द्र पटेल
अध्यक्ष-जयरामनगर मंडल
श्रीमती सीमा साहू
अध्यक्ष-लोहर्सी मंडल
श्रीमती धनेश्वरी कैंवर्त
अध्यक्ष-न.पं. मल्हार
दीपक तिवारी
शाखा प्रबंधक-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित
शाखा-जोंधरा
नरेन्द्र राय
शाखा प्रबंधक-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित
शाखा-मल्हार
रेशम तिवारी
शाखा प्रबंधक-जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित
शाखा-लोहर्सी

खबर संक्षेप

## शातिर चोर गिरफ्तार 5 मोबाइल जब्त

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए मोबाइल चोरी करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसकी निशानदेही पर चोरी के 5 मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश शेंडे ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली, टेंगनमाड़ा रेलवे स्टेशन में एक व्यक्ति चोरी की मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक खोज रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर टेंगनमाड़ा निवासी धर्मेन्द्र सोनी उर्फ बंधु 55 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने सिम्स, कंपनी गार्डन, बिलासपुर चिरमिरी ट्रेन में मोबाइल चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके पास से 2 मोबाइल बरामद किया गया। वहीं उसने अपने नाबालिग बेटे के माध्यम से चोरी की तीन मोबाइल बिक्री करवाना व उक्त रकम से शराब पीने व अन्य काम में खर्चा करना बताया। पुलिस ने उसके नाबालिग बेटे से पूछताछ कर मोबाइल खरीददार टेंगनमाड़ा निवासी अंशुल जान, सूरज साहू, अजय रजक से 3 नग मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने मोबाइल खरीददार पर धारा 317 व नाबालिग किशोर अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# बस स्टैंड में 6 करोड़ में बन रहे गार्डन फाउंटेन से 4 लाख का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 12 फाउंटेन में 240 नोजल लगाए गए थे जिसमें से 180 से अधिक चोरी किए गए
- कार्रवाई करवाने के लिए निगम आयुक्त अमित कुमार को खुद थाने पहुंचना पड़ा

पुराने बस स्टैंड में स्मार्ट सिटी द्वारा ड्यूअल पाइपिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्रीन जोन बनाया जा रहा है। इसके तहत यहां गार्डन के साथ फाउंटेन तैयार हो रहा है। चोरों और कबाड़ियों की नजर लेकिन इस पर लग गई है। यहां बन रहे 12 फाउंटेन में 240 नोजल लगाए गए थे, जिसमें से 180 से अधिक चोरी कर लिए गए। इसके साथ ही दूसरे बिल्डिंग मटैरियल, लोहे के सामान भी चोरी कर लिए गए। करीब 4 लाख के माल की चोरी की शिकायत ठेकेदार द्वारा सिटी कोतवाली थाने में की गई है। बड़ी बात यह रही कि पहले तो पुलिस ने शिकायत लेने से मना कर दिया। इसके बाद निगम आयुक्त अमित कुमार को खुद थाने पहुंचना पड़ा। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। बस स्टैंड के आसपास के कुछ कबाड़ियों और चोर गिरोह के लोगों को थाने बुलाकर सख्ती की गई। बताया जा रहा है कि कबाड़ियों ने चोरी करना स्वीकार किया है और नोजल लगाने की बात भी कही है।

गौरतलब है कि ड्यूअल पाइपिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत नाले के गंदे पानी को फिल्टर कर गार्डन और फाउंटेन में इस्तेमाल किया जाएगा। शहर में इस तरह का यह पहला प्रोजेक्ट है, जिसमें पौधों की सिंचाई के लिए टैंकर के पानी की नहीं, बल्कि गंदे पानी को फिल्टर कर इस्तेमाल किया जाएगा। इससे स्वच्छता रैंकिंग में फायदा होगा। ऐसे प्रोजेक्ट मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और बेंगलुरु जैसे मेट्रो सिटीज में है। पूरा प्रोजेक्ट करीब 6 करोड़ रुपए का है।


बस स्टैंड स्थित गार्डन में लगे नोजल की हुई थी चोरी।

### कबाड़ियों ने बच्चों से करवाई चोरी

इस पूरे काम का ठेका सुशांत राय को मिला है। ठेका कंपनी द्वारा फिलहाल मौके पर फाउंटेन लगाने का काम किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी के मुताबिक छोटे बड़े मिलाकर कुल 12 फाउंटेन यहां लगाए जा रहे हैं। इनमें 240 की करीब नोजल भी लगाए गए हैं। इसमें से 180 नोजल 11 मई की रात चोरी कर लिए गए। इसकी जानकारी ठेका कंपनी द्वारा निगम आयुक्त अमित कुमार को दी गई। निगम आयुक्त ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने कहा। ठेका कंपनी की ओर से दी गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो निगम आयुक्त स्वयं थाने पहुंचे और शिकायत पर कार्रवाई करने कहा। पुलिस ने तत्काल कुछ कबाड़ियों को आदतन चोरों को थाने बुलाकर सख्ती की। पूछताछ में मालूम पड़ा कि कबाड़ियों द्वारा छोटे बच्चों से यह नोजल चोरी करवाए गए थे।

# ब्राउन शुगर खपाने शहर आए दो युवक पकड़े गए

- आरोपियों ने बताया मुख्य सप्लायर का नाम

**बिलासपुर।** दूसरे राज्य से ट्रेन में ब्राउन शुगर खपाने शहर आए दो युवकों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर एण्ड टू एण्ड की कार्रवाई में लगी हुई है।

14 मई को पुलिस को सूचना मिली दिगर राज्य से दो युवक ट्रेन के माध्यम से ब्राउन शुगर बेचने के लिए शहर आ रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस उसलापुर रेलवे स्टेशन के आसपास तैनात हो गई। ट्रेन आने पर दो युवक रेलवे स्टेशन के बाहर निकले। मुखबिर का इशारा मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए दोनों युवकों को पकड़ लिया। पहले तो दोनों युवक पुलिस को गुमराह कर रहे थे। तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग 5 से 7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। पुलिस बाउन सुगर जब्त कर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर सघन पूछताछ करने में लगे हुए हैं। बताया जाता है दोनों युवक लंबे समय से दिगर राज्य से बाउन शुगर लाकर शहर में खपा रहे थे। पुलिस टीम एण्ड टू एण्ड कार्रवाई के तहत दोनों युवकों से मुख्य सप्लायर के संबंध में पूछताछ करने में लगी हुई है। खबर है कि दोनों युवकों ने मुख्य सप्लायर के नाम खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम मुख्य सप्लायर को पकड़ने दिगर राज्य जाने की तैयारी में जुट गई है। खबर है कि पुलिस ब्राउन शुगर के मुख्य सप्लायर को पकड़ने के बाद मामले का खुलासा करेगी।

## महिला से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर महिला से अनाचार करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली एक महिला पति को छोड़कर अकेले रह रही है। तीन साल पहले उसकी जान पहचान बिजली आफिस सकरी निवासी प्रकाश मानिकपुरी पिता राजू दास मानिकपुरी 38 साल से हुई। वह महिला को प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद वह महिला के साथ रहने लगा। महिला ने शादी करने का दबाव बनाया तो वह गुमराह करने लगा। महिला को जानकारी मिली कि प्रकाश मानिकपुरी पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे हैं। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 64, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# स्कार्पियो किनारे करने के विवाद में युवक पर ब्लेड से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कार्पियो किनारे करने के विवाद में एक युवक पर ब्लेड से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, खमतराई निवासी आदित्य भास्कर पिता ज्ञान भास्कर 13 मई को गांव के सुरेन्द्र डहरेका बारात में ग्राम रमतला गए थे। रात 11.30 बजे रमतला मंदिर के पास उनके गांव युवक मोनू उर्फ श्रेयस डहरे स्कार्पियों किनारे करने को लेकर विवाद कर रहा था। आदित्य भास्कर विवाद करते देख उसे समझाने गए तो मोनू उर्फ श्रेयस ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए ब्लेड से चेहरे पर हमला कर जख्मी कर दिया है। पुलिस ने आदित्य भास्कर की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# अवैध खनन-परिवहन कर रहे 7 टैक्टर व एक जेसीबी जब्त

- पार्षद की शिकायत पर हुई कार्रवाई

**बिलासपुर।** मिट्टी व रेत की अवैध खुदाई व परिवहन के दो अलग-अलग मामलों में संलग्न सात टैक्टर व एक जेसीबी वाहन खनिज विभाग ने जब्त लिया है। पहला मामला बेलसरी ग्राम का है, वहीं दूसरा मामला शहर के कुदुदंड का है, जहां पार्षद की शिकायत पर कार्रवाई की गई है।

अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर इन दिनों लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा बीते 10 मई व 13 मई को अभियान चलाकर दैजा, कुदुदंड, कोनी, मोढ़े, धुरीपारा, मंगला, सकरी, बीजा व बेलसरी में खनिज का अवैध खनन कर परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान बेलसरी क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन में संलग्न एक जेसीबी व तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया। इसी तरह शहर के कुदुदंड क्षेत्र में पार्षद हिमांशु कश्यप की शिकायत पर जांच के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर चार ट्रैक्टरों को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया है। उक्त सभी वाहनों को कोनी थाना को सुपुर्द करते हुए खनिज के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।


अवैध परिवहन में प्रयोग किए गए वाहन।

### की जा रही है कार्रवाई

कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जब्त सभी वाहन कोनी थाने के सुपुर्द किए गए हैं, जिनके खिलाफ खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जानी है।

-**रमाकांत सोनी**, जिला खनिज अधिकारी

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

सुमीत बाजार में
Summer Special Offer
आज पेपर कटिंग लाने पर
MRP. ₹399 & above वाली
प्रिन्टेड 3 पीस सेट
डबलबेड बेडशीट
ONLY ₹222
2 सेट
2 डबलबेड बेडशीट + 4 पिलो कव्हर
ऑफर सिर्फ पेपर कटिंग लाने पर
ऑफर स्टॉक रहने तक
प्रति व्यक्ति प्रति कटिंग अधिकतम 2 सेट
दिखाये गये चित्र से प्रोडक्ट भिन्न हो सकता है
*CONDITION APPLY
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर